www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

मौसम

अधिकतम तापमान 34.c

27.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 90.450g

चांदी 91.500 kg

2 भाजपा को रोकने के लिए भ्रम की राजनीति, स्टालिन केंद्र-राज्य संबंधों में बना रहे तनाव

अवैध हथियार के साथ व्यक्ति गिरफ्तार 04

वर्ष :08 | अंक :276 | मुंबई ,शनिवार , 29 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## केंद्रीय कर्मचारियों को सरकार ने दी खुशखबरी, 2% महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान

मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते या डीए में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, जो 1 जनवरी से प्रभावी होगी। इस संशोधन के साथ, महंगाई भत्ता (डीए) 53% से बढ़कर 55% हो जाएगा, जिससे अपेक्षित 8वें वेतन आयोग से पहले कर्मचारियों के लिए वेतन वृद्धि होगी। पिछली बढ़ोतरी जुलाई 2024 में हुई थी, जब डीए को 50% से बढ़ाकर 53% किया गया था। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को बढ़ती महंगाई से निपटने में मदद करने के लिए हर दो साल में डीए की घोषणा की जाती है। यह कर्मचारियों के टेक-होम वेतन का एक हिस्सा है और इसकी गणना उनके मूल वेतन के एक हिस्से के रूप में की जाती है। उदाहरण के लिए, 1 लाख के मूल वेतन पर, यदि सरकार 2% वृद्धि की घोषणा करती है तो ऊअ 55% होगा, जो 55,000 के बराबर होगा।

## अब रेस्टोरेंट में खाने के बिल के साथ नहीं लगेगा सर्विस चार्ज

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को फैसला सुनाया कि ग्राहकों द्वारा भोजन के बिल पर सेवा शुल्क का भुगतान स्वैच्छिक है और इसे रेस्तरां या होटलों द्वारा अनिवार्य नहीं बनाया जा सकता है, साथ ही कहा कि इसे अनिवार्य रूप से वसूलना अनुचित व्यापार व्यवहार है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के दिशा-निदेशों को चुनौती देने वाली रेस्तरां संघों द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया, जो होटलों और रेस्तरां को भोजन के बिल पर सेवा शुल्क अनिवार्य करने से रोकते हैं। हाई कोर्ट ने सीसीपीए दिशानिदेशों को चुनौती देने वाले रेस्तरां संघों पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। उच्च न्यायालय ने सीसीपीए के दिशा-निदेशों को बरकरार रखा और कहा कि प्राधिकरण केवल एक सलाहकार निकाय नहीं है और उसके पास अनुचित व्यापार प्रथाओं की रोकथाम और उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का अधिकार है। सीसीपीए ने 2022 में दिशा-निर्देश जारी किए, जिसमें निर्देश दिया गया कि रेस्तरां स्वचालित रूप से या डिफॉल्ट रूप से भोजन बिल में सेवा शुल्क नहीं जोड़ सकते हैं, न ही इसे किसी अन्य नाम से छिपाया जा सकता है। सीसीपीए ने कहा कि होटल और रेस्तरां को उपभोक्ताओं को सेवा शुल्क का भुगतान करने के लिए मजबूर करने से भी प्रतिबंधित किया गया है

# म्यांमार-थाईलैंड में भूकंप से मचा हाहाकार

## मरने वालों की संख्या 100 के पार, बचावकर्मी बोले- बढ़ेगा आंकड़ा

भूकंप

▶▶ थाईलैंड और म्यांमार में भूकंप के कारण काफी तबाही मची है. म्यांमार की राजधानी नेपीता में भूकंप से धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा, उनके कुछ हिस्से ढह गए.

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** थाईलैंड और पड़ोसी म्यांमार में शुक्रवार (28 मार्च 2025) की दोपहर 7.7 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया. म्यांमार ने भूकंप की वजह से छह क्षेत्रों और राज्यों में आपातकाल की घोषणा कर दी है. भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के निकट था. बैंकॉक में भूकंप की वजह से एक निमार्णाधीन बहुमंजिला इमारत के ढहने से धूल का विशाल गुबार उठता दिखा. उस समय इमारत पर क्रेन लगी थी.मरने वालों की संख्या 100 के पार

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले में एक बचावकर्मी ने बताया कि भूकंप की वजह से वहां भारी नुकसान हुआ है. उन्होंने मौतों को लेकर कोई आंकड़ा तो नहीं बताया, लेकिन उन्होंने कहा कि जिस तरह का नुकसान देखने को मिल रहा है, उससे ये आशंका है कि मरने वालों की संख्या 100 से ज्यादा है. रेड क्रॉस का भी कहना है कि काफी नुकसान हुआ है. रेड क्रॉस एक अंतर्राष्ट्रीय मानवीय संगठन है जो युद्ध और आपदाओं से प्रभावित लोगों की मदद करता है.



### थाईलैंड-म्यांमार में भूकंप की तबाही पर पीएम मोदी ने जताई चिंता, बोले-हर संभव मदद के लिए तैयार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड और म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप पर गहरा दुख जताया है. उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में जान-माल के नुकसान पर चिंता जाहिर करते हुए भारत की ओर से हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है. थाईलैंड और म्यांमार में आए भूकंप से भयंकर तबाही पर पीएम मोदी ने दुख जताया है. उन्होंने कहा कि म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप के बाद की स्थिति से चिंतित हूं. सभी की सुरक्षा और खुशहाली के लिए प्रार्थना करता हूं. भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है. इस संबंध में, हमने अपने अधिकारियों से तैयार रहने को कहा है. साथ ही विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के साथ संपर्क में रहने की भी चर्चा की है. म्यांमार, थाईलैंड और चीन की धरती भूकंप के तेज झटकों से हिल गई. तीनों देशों में भूकंप के कारण हड़कंप मचा हुआ है. खासतौर पर थाईलैंड और म्यांमार में इमारतें भरभराकर गिर गईं, घर मलबे में तब्दील हो गए. इस भूकंप का केंद्र म्यांमार रहा. ये 10 किलोमीटर की गहराई पर आया है. इस भूकंप का असर भारत के भी कुछ इलाकों में हुआ है.

**भूकंप से हुआ काफी नुकसान**

रेड क्रॉस ने कहा, शुरूआती जमीनी खबरों से संकेत मिल रहा है कि भूकंप से काफी नुकसान हुआ है. मानवीय सहायता को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है. ग्रेटर बैंकॉक क्षेत्र में 1.70 करोड़ से अधिक लोग रहते हैं, जिनमें से कई ऊंची इमारतों में रहते हैं. बैंकॉक के सिटी सेंटर में एक कार्यालय इमारत में काम करने वाली अप्रैल कनिचवानाकुल ने बताया कि उन्हें पहले तो यह एहसास ही नहीं हुआ कि यह भूकंप है क्योंकि पहली बार उन्होंने भूकंप का सामना किया है.

### भूकंप से धार्मिक स्थलों को पहुंचा नुकसान

म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर और भूकंप के केंद्र के करीब स्थित मांडले में पूर्व शाही महल और इमारतों का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. हालांकि, यह शहर भूकंप संभावित क्षेत्र में है, यहां सामान्यतः आबादी कम है, तथा अधिकांश घर कम ऊंचाई वाले हैं. म्यांमार की राजधानी नेपीता में भूकंप से धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा, उनके कुछ हिस्से ढह गए

# ऑक्सफोर्ड में ममता बनर्जी का विरोध:छात्रों ने गो बैक के नारे लगाए

## कोलकाता रेप-मर्डर पर सवाल पूछे; ममता बोलीं- यहां राजनीति नहीं करो

“पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के केलॉग कॉलेज में अपना पहला भाषण दिया, जिसके बाद वहां खचाखच भरे ऑडिटोरियम में भारी हंगामा हुआ। ममता बनर्जी संस्थान से मिले निमंत्रण पर 'बंगाल में महिलाओं का सशक्तिकरण और उसकी सफलता' विषय पर बोल रही थीं।

एजेंसी



कोलकाता/लंदन,पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के केलॉग कॉलेज में अपना पहला भाषण दिया, जिसके बाद वहां खचाखच भरे ऑडिटोरियम में भारी हंगामा हुआ। ममता बनर्जी संस्थान से मिले निमंत्रण पर 'बंगाल में महिलाओं का सशक्तिकरण और उसकी सफलता' विषय पर बोल रही थीं। मुख्यमंत्री के भाषण को अचानक प्रदर्शनकारी छात्रों के एक समूह ने बाधित कर दिया, जिन्होंने चुनाव के बाद की हिंसा और आरजी कर कॉलेज बलात्कार-हत्या मामले का मुद्दा उठाकर उनके भाषण को बाधित करने की कोशिश की, क्योंकि दर्शकों ने उन्हें तीखे सवालों और नारों से बाधित किया। कार्यक्रम में तब नाटकीय मोड़ आया जब बनर्जी ने टोका-टोकी के जवाब में 1990 के दशक की शुरूआत की अपनी एक पुरानी तस्वीर दिखाई, जिसमें उनके सिर पर पट्टी बंधी हुई थी और दावा किया कि विपक्ष में रहने के दौरान उनकी हत्या के प्रयास का सबूत यह है।व्यवधान तब शुरू हुआ जब बनर्जी बंगाल के विकास और निवेश के अवसरों के बारे में बोल रही थीं। दर्शकों में से एक ने उनसे लाखों करोड़ मूल्य के विशिष्ट निवेश प्रस्तावों के नाम बताने के लिए कहा, जिसके बारे में उनका दावा है कि राज्य को प्राप्त हुए हैं। जैसे ही उन्होंने जवाब देना शुरू किया, दर्शकों में से अन्य लोगों ने हस्तक्षेप किया और प्रश्नकर्ता से रुकने का आग्रह किया।

यह तर्क देते हुए कि यह कार्यक्रम कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं था। इसके बाद उनसे कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार और

# राणा सांगा का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान

## सपा सांसद के बयान पर संसद में गरजे रविशंकर प्रसाद

“लोकसभा में भी यह मुद्दा उठा। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने राणा सांगा को लेकर एक राज्यसभा सदस्य के बयान पर उठे विवाद का मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में उठाया और कहा कि राणा सांगा जैसे महान सपूतों का अपमान देश नहीं सहेगा।

एजेंसी



शुक्रवार को राज्यसभा में उस समय भारी हंगामा हुआ जब भाजपा सांसदों ने समाजवादी पार्टी के नेता रामजी लाल सुमन की राजपूत राजा राणा सांगा के खिलाफ की गई टिप्पणी की निंदा की और उनसे माफी मांगने की मांग की। भाजपा सांसदों को सदन में नारेबाजी करते देखा गया और उन्होंने सपा सांसद के बयान की निंदा करते हुए कार्यवाही को 30 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी राणा सांगा पर सुमन के बयान की निंदा की और इसे अपमान करार दिया। लोकसभा में भी यह मुद्दा उठा। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने राणा सांगा को लेकर एक राज्यसभा सदस्य के बयान पर उठे विवाद का मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में उठाया और कहा कि राणा सांगा जैसे महान सपूतों का अपमान देश नहीं सहेगा। सदन में शून्यकाल के दौरान पहले भाजपा सांसद राव राजेंद्र सिंह ने यह विषय उठाया। इसके बाद प्रसाद ने भी राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन के बयान की निंदा की। प्रसाद ने कहा, राणा सांगा भारत की विरासत हैं। उनका त्याग और बलिदान हम सभी लोगों को गौरवान्वित करता है। वह हमारे देश की प्रेरणा हैं। उनके बारे में हल्की बातें की गई हैं, इसकी हम निंदा करते हैं।

# कांग्रेस के सामने बीजेपी आरएसएस मजाक :राहुल गांधी

## हम अंग्रेजों से लड़े, इन्होंने देश तोड़ा; 2-3 बिजनेसमैन ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह काम कर रहे

“हम सबको समान अधिकार दिलाना चाहते हैं: हमारी लड़ाई सिर्फ फरर-बीजेपी के खिलाफ नहीं है, बल्कि एक ऐसे भारत के लिए है, जहां हर नागरिक, हर समुदाय को सपने देखने और उन्हें पूरा करने का अधिकार हो। हम मिलकर एक मजबूत कांग्रेस और न्यायपूर्ण भारत बनाएंगे।

एजेंसी



नई दिल्ली , राहुल गांधी ने नई दिल्ली में गुरुवार को कांग्रेस जिला अध्यक्षों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारे सामने बीजेपी आरएसएस मजाक हैं। हमारी पार्टी ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ी और अंग्रेजों को देश से भगाया। भाजपा सिर्फ देश को तोड़ने का काम कर रही है।राहुल ने कहा कि देश में इस समय दो विचार हैं। एक तरफ फरर की विचारधारा, जो तानाशाही, भेदभाव और कमजोर वर्गों का दमन कर रही है। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस की सोच, जिसने हमें आजादी दिलाई। हम सभी को समान मानते हैं।आज 2-3 बड़े बिजनेसमैन ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह काम कर रहे हैं। वे मीडिया, टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर, जमीन, पोर्ट और रक्षा सौदे तक सबकुछ खरीद रहे हैं।इस बैठक में 13 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 338 जिला कांग्रेस अध्यक्ष शामिल हुए। अगली दो बैठक 3 और 4 अप्रैल को होंगी। बैठक के बाद राहुल गांधी ने अपने वॉट्सएप चैनल पर पोस्ट किया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष पार्टी की नींव हैं। ग्रेस का अहम कामः कांग्रेस की विचारधारा या कमजोर लोगों पर

▶▶ खड़गे बोले- कांग्रेस की लड़ाई संसद के अंदर भी और बाहर भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में 100 सीट मिलीं, अगर हमने और मेहनत की होती तो 20-30 सीट और जीतकर सरकार बना सकते थे। कांग्रेस की लड़ाई संसद के अंदर और बाहर बीजेपी आरएसएस दोनों से है। खड़गे ने आगे कहा-लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन ने एकजुट होकर के खिलाफ चुनाव लड़ा और उसे 240 सीटों पर रोक दिया।

हमला होगा, तो जिला कांग्रेस समिति के प्रमुख उनका बचाव करेंगे। हम बीजेपी को हराने में सक्षम हैं, लेकिन बिना मजबूत जिला इकाइयों के हम ऐसा नहीं कर सकते। हम जिला अध्यक्षों से उम्मीद करते हैं कि वे पार्टी को बढ़ाएं, ज्यादा सदस्य जोड़ें और योग्य नेताओं को आगे लाएं। कार्यकताओं को सभी साधन देंगे

# तेजस्वी को सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता

## पुराने अंदाज में दिखे लालू यादव, बोली- बिहार का हर युवा...

▶▶ अपने संबोधन के दौरान लालू ने महिला कल्याण योजना मैं बहन मान योजना को लागू करने का संकल्प लिया और समाज के वंचित वर्गों की सेवा के लिए अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

एजेंसी



आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अपने बेटे तेजस्वी यादव की राजनीतिक संभावनाओं के बारे में एक मजबूत घोषणा की। जसौली-जमुनिया गांव में पूर्व विधायक जमुना यादव की स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए लालू ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि इस बार तेजस्वी यादव को बिहार में सरकार बनाने से कोई नहीं रोक सकता। लालू ने घोषणा की, कोई माई का लाल तेजस्वी यादव को सरकार बनाने से नहीं रोक सकता है।अपने संबोधन के दौरान लालू ने महिला कल्याण योजना मैं बहन मान योजना को लागू करने का संकल्प लिया ।

# वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज

## काजी बोले- हम अपनी संपत्तियों की हिफाजत करेंगे

काजी सैयद अनस अली ने कहा कि वक्फ अमेंडमेंट बिल वक्फ की संपत्तियों को हड़पने के लिए लाया जा रहा है। यह बिल मुस्लिमों के हित में नहीं है। सुनियोजित तरीके से उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने और मुसलमानों की वक्फ संपत्तियों को हड़पने के लिए यह बिल है। हम अपनी संपत्तियों की हिफाजत हर हाल में करेंगे।

एजेंसी

भोपाल , भोपाल में वक्फ संशोधन बिल के विरोध में मुस्लिम समाज के सदस्यों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी। ये सभी रमजान के आखिरी शुक्रवार यानी आज जुमे की नमाज में शामिल हुए।

**भोपाल में काजी बोले- वक्फ संपत्तियों पर जालिमों की नजर**



इस मौके पर काजी सैयद अनस अली ने कहा कि वक्फ संपत्तियों पर जालिमों की नजर हैं। यह हमारी संपत्तियां हड़पना चाहते हैं।इस पर बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुसलमानों के नाम पर राजनीति करने वालों के पेट में दर्द हो रहा। वक्फ की जमीन से दो-चार परिवारों का ही पेट पल रहा है। इससे काम नहीं चलेगा। भोपाल, इंदौर के अलावा नर्मदापुरम में भी मुस्लिम समाज के सदस्यों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी।इधर, रायसेन में काली पट्टी बांधने को लेकर मुस्लिम समुदाय के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। एक-दूसरे पर हथियारों से हमला कर दिया। इसमें 4 लोग घायल हो गए।बता दें कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुस्लिम समुदाय से काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण और मौन विरोध प्रदर्शन की अपील की थी।

# मद्रास हाईकोर्ट से कुणाल कामरा को मिली राहत

**7 अप्रैल तक के लिए अग्रिम जमानत मंजूर**

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि कामरा ने अपनी याचिका में कहा है कि वह अपनी जान को खतरा बताते हुए महाराष्ट्र की अदालत का दरवाजा नहीं खटखटा सकते।

एजेंसी



एकनाथ शिंदे पर विवादित वीडियो को लेकर कॉमेडियन कुणाल कामरा को शुक्रवार को मद्रास हाईकोर्ट से 7 अप्रैल तक अंतरिम अग्रिम जमानत मिल गई है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि कामरा ने अपनी याचिका में कहा है कि वह अपनी जान को खतरा बताते हुए महाराष्ट्र की अदालत का दरवाजा नहीं खटखटा सकते। मुंबई की खार पुलिस ने 31 मार्च को कुणाल कामरा को पूछताछ के लिए पेश होने के लिए समन भेजा था। पुलिस की ओर से यह दूसरा समन है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पर कथित टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ कई एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद विवादित कॉमेडियन कुणाल कामरा ने शुक्रवार को मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया ।

निशाना

## बीजेपी से पूछा- क्या आपको तमिलनाडु से एलर्जी है?

# नाम नहीं काम में बहादुरी होना चाहिए, स्टालिन पर विजय ने साधा निशाना

एजेंसी



“माननीय मुथुवेल करुणानिधि स्टालिन, आपके नाम में बहादुरी होना ही काफी नहीं है। आपको इसे अपने काम में भी दिखाना चाहिए। उन्होंने डीएमके सरकार को फासीवादी सरकार से कम नहीं बताया। विजय ने राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी निशाना साधा।

नयी दिल्ली। तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने पार्टी की पहली आम सभा में अपने भाषण में द्रविड़ मुनेत्र कझगम (डीएमके ) और भाजपा पर सीधा हमला किया, साथ ही 2026 के तमिलनाडु चुनावों को टीवीके और डीएमके के बीच सीधी लड़ाई बताया। विजय ने सवाल किया राजनीति क्या है? क्या यह मानना है कि सभी को अच्छी तरह से जीना चाहिए, या यह सोचना है कि केवल एक परिवार को अच्छी तरह से जीना चाहिए? उन्होंने सत्तारूढ़ डीएमके पर उनकी पार्टी के कार्यक्रमों और बैठकों में बाधा डालने का आरोप लगाया। हमने अपने कैडर से मिलने के लिए सभी बाधाओं को पार कर लिया है। हम अपने कैडर से मिलते रहेंगे, सभी बाधाओं को पार करते हुए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की तीखी आलोचना करते हुए विजय ने पहली बार सीधे तौर पर उनका नाम लिया। माननीय मुथुवेल करुणानिधि स्टालिन, आपके नाम में बहादुरी होना ही काफी नहीं है। आपको इसे अपने काम में भी दिखाना चाहिए। उन्होंने डीएमके सरकार को फासीवादी सरकार से कम नहीं बताया। विजय ने राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी निशाना साधा। राज्य में कानून व्यवस्था नहीं है। भ्रष्टाचार बहुत है। अगर आपने सरकार अच्छे से चलाई होती तो महिलाओं को सुरक्षा मिलनी चाहिए थी। महिलाओं के साथ हो रही भयानक घटनाओं के बारे में हम बात भी नहीं कर सकते। और आप गर्व से कहते हैं कि हर कोई आपको 'अप्पा' कहता है। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए विजय ने उस पर डीएमके को गुप्त रूप से मदद करने का आरोप लगाया। वोटों के लिए डीएमके चुनाव के दौरान कांग्रेस का पक्ष ले रही है। घोटालों के लिए डीएमके गुप्त रूप से भाजपा का पक्ष ले रही है। उन्होंने तमिलनाडु के साथ भाजपा के व्यवहार पर सवाल उठायाः क्यों जी, क्या आपको तमिलनाडु से एलर्जी है? आप राज्य का जीएसटी लेते हैं, लेकिन तमिलनाडु को फंड नहीं देते। आप शिक्षा के लिए फंड नहीं दे रहे हैं, बल्कि तीन-भाषा नीति लागू कर रहे हैं। उन्होंने परिसीमन पर चिंताओं को भी संबोधित किया और भाजपा को चेतावनी दी, ह्यपरिसीमन के नाम पर आप तमिलनाडु की सीटें छीन रहे हैं।

मोदी सर, जब आप वन नेशन वन इलेक्शन योजना लेकर आए थे, तो हमें आपकी योजना और आप राज्य को किस दिशा में ले जाना चाहते थे, यह पता था। तमिलनाडु को सावधानी से संभालिए, मोदी सर।

# 'विदेश में ममता ने किया देश का अपमान'

## ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में बंगाल सीएम के बयान पर भड़की बीजेपी

एजेंसी



❍ भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी की तरह ममता बनर्जी भी भारत विरोधी एजेंडे के साथ विदेश गईं। ममता बनर्जी जैसे लोगों की राजनीति इस पर है कि कैसे बांग्लादेशियों को बंगाल और देश में घुसने दिया जाए, कैसे उन्हें आधार कार्ड दिए जाएं।

नयी दिल्ली। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने शुक्रवार को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में एक विरोध प्रदर्शन को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा, जहां प्रदर्शनकारियों के एक गुस्साए समूह ने हिंदुओं और महिलाओं के खिलाफ कथित हिंसा के लिए उनकी निंदा करते हुए नारे लगाए। मालवीय ने दावा किया कि बनर्जी अपने सामान्य रूप की विनम्र छाया प्रतीत होती हैं और उन्होंने पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का आान करते हुए कहा कि अगर राज्य मशीनरी और पुलिस के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया गया तो उन्हें वोट से बाहर कर दिया जाएगा। भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा कि हमने पहले भी कहा था कि जब वह ब्रिटेन के किसी विश्वविद्यालय में बोलने जाएंगी तो उन्हें आरजी कर कॉलेज में जो हुआ उसका जवाब देना होगा। वहां के लोग यहां सवाल करेंगे। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सच्चाई को छिपाना और भारत का अपमान करना, दोनों ही काम ममता बनर्जी ने किए हैं।

आज पूरी दुनिया हमारी बढ़ती अर्थव्यवस्था को देख रही है और उसका सम्मान कर रही है। लेकिन दुर्भाग्य से, जब ममता बनर्जी और 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' विदेश जाते हैं, तो वे भारत का अपमान करते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी की तरह ममता बनर्जी भी भारत विरोधी एजेंडे के साथ विदेश गईं। ममता बनर्जी जैसे लोगों की राजनीति इस पर है कि कैसे बांग्लादेशियों को बंगाल और देश में घुसने दिया जाए, कैसे उन्हें आधार कार्ड दिए जाएं। उन्होंने वहां दिखा दिया है कि वह भारत विरोधी हैं। भाजपा सांसद सौमित्र खान ने कहा कि भारत विरोधी होना ममता बनर्जी की संस्कृति बन गई है। उन्होंने भारत के लिए कभी कुछ नहीं किया।

## सम्पादकीय

# सेहत का मोर्चा, स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे को बेहतर बनाने की जरूरत

यह एक हकीकत है कि एक बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पतालों में मजबूरी में ही उपचार कराना पसंद करते हैं। यह सही है कि बीते कुछ वर्षों में अनेक नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं लेकिन इन मेडिकल कॉलेजों से निकले डॉक्टर ग्रामीण इलाकों में सेवाएं देने के लिए तैयार नहीं होते। समय के साथ उपचार महंगा होता जा रहा है।भारत सरकार संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के इस आकलन से अपनी पीठ थपथपा सकती है कि वर्ष 2000 के बाद भारत में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्युदर में 70 प्रतिशत की कमी आई है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की रिपोर्ट में उन योजनाओं और कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है, जिनके चलते शिशुओं की मृत्युदर कम करने में सफलता मिली है।इसका अर्थ है कि बीते कुछ समय में स्वास्थ्य सेवाओं और ढांचे को बेहतर करने के लिए वास्तव में कई उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इनमें आयुष्मान भारत योजना भी है। इसका उल्लेख भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने विशेष रूप से किया है। यह स्वास्थ्य संबंधी विश्व की सबसे बड़ी योजना है। यह निर्धन परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हुई है।आश्चर्य नहीं कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि भारत ने लाखों लोगों के जीवन को बचाने का काम किया है। आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता को देखकर ही हाल में 70 वर्ष की आयु के सभी बुजुर्गों को इस योजना के दायरे में लाया गया है।बीते दिनों एक संसदीय समिति ने जिस तरह 60 वर्ष के ऊपर के सभी नागरिकों को इस योजना के दायरे में लाने की जरूरत जताई, उससे यही इंगित होता है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए न केवल केंद्र सरकार को तत्पर रहना चाहिए, बल्कि राज्य सरकारों को भी।केंद्र और राज्य सरकारों को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में सरकारी स्वास्थ्य ढांचा सही स्थिति में नहीं है। छोटे शहरों और गांवों में न केवल डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है, बल्कि अस्पतालों और मेडिकल उपकरणों की भी।इसके चलते इन क्षेत्रों के लोग शहरों के बड़े अस्पतालों की ओर दौड़ लगाते हैं, जहां निजी क्षेत्र के अस्पतालों के मुकाबले सरकारी अस्पताल बहुत पीछे नजर आते हैं। यह एक हकीकत है कि एक बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पतालों में मजबूरी में ही उपचार कराना पसंद करते हैं।यह सही है कि बीते कुछ वर्षों में अनेक नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं, लेकिन इन मेडिकल कॉलेजों से निकले डॉक्टर ग्रामीण इलाकों में सेवाएं देने के लिए तैयार नहीं होते। समय के साथ उपचार महंगा होता जा रहा है। यदि किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को निजी अस्पताल में उपचार कराना पड़ता है तो वह कर्जे में डूब जाता है।

## आज का विचार




## राशिफल

**मेष राशि :** मेष राशि के जातको को अपनी आय और व्यय मे बैलेंस करके चलना होगा. आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा. आप अपने बिजनेस में कुछ समस्याओं को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे. आप अपने परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को दूर करने की कोशिश में लगे रहेंगे.

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों को कल बेवजह किसी बात को लापरवाही नहीं करनी है. आप कामों को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा. आप अपने व्यवहार से लोगों को अपनी और आकर्षित करने में कामयाब रहेंगे.

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातक को कल अपनी इन्कम को बढ़ाने के सोर्स लगे रहेंगे, जिससे आपके कुछ कर्ज भी काफी हद तक उतरेंगे. उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी. आपको अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है.

**कर्क राशि :**कर्क राशि के जातकों के लिए कल दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी. भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा. आपको किसी विशेष काम पर पूरा ध्यान देना होगा.

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों को यदि किसी काम को लेकर कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी, लेकिन आपके मन में उथल-पुथल लगी रहेगी. आपने यदि बेफिजूल के खर्चों पर लगाम लगायी, तो बाद में आपको आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है.

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों के लिए कल दिन धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है. रोजगार को लेकर इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है. आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है. आप अपने परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं. आप किसी यात्रा पर जाएं, तो वहां अपने कीमती सामानों पर पूरा ध्यान दें.

**तुला राशि :** तुला राशि के जातक अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देंगे, जिससे उनको पुरानी चली आ रही समस्याओं से भी राहत मिलेगी. आप किसी नए बिजनेस में हाथ कलमाने की कोशिश करेंगे, जिसके लिए आप कोई लोन आदि अप्लाई कर सकते हैं. आपके मन में खुशियां भरपूर रहेंगी.

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातकों को अपने खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा. किसी भूमि व वाहन आदि की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा. वरिष्ठ सदस्यों का आपके घर आगमन हो सकता है. आपके किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं.

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों की यश व कीर्ति में वृद्धि होगी और आपको अपने कामों को लेकर सुझबुझ दिखानी होगी. आप किसी काम को लेकर ज्यादा उत्सुक ना हो. प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी. आपकी यदि कोई इच्छा अधूरी थी, तो वह कल पूरी हो सकती है.

**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों के लिए कल दिन सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है. आपकी संतान को किसी प्रतियोगिता में अच्छी सफलता मिलेगी. कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी. व्यापार में आपको काम को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से भविष्य को सलाह लेनी पड़ सकते हैं

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातकों को अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देना होगा. आप अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम रखे.

**मीन राशि :** मीन राशि के जातकों के सामने कल कुछ चुनौतियां रहेगी, जिन्हें लेकर उनका मन परेशान रहेगा. आप किसी अजनबी से कोई लेनदेन बहुत ही सोच समझकर करें, क्योंकि उसे पर भरोसा करना आपको नुकसान दे सकता है. जीवनसाथी को भी करियर में कुछ समस्याएं होने की संभावना है. आप किसी से किए हुए वादे को समय रहते पूरा करें

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# भाजपा को रोकने के लिए भ्रम की राजनीति, स्टालिन केंद्र-राज्य संबंधों में बना रहे तनाव

> राष्ट्रीय दल होने के कारण भाजपा को तमिलनाडु केरल तेलंगाना कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में अपना विस्तार करना ही चाहिए। स्टालिन के डर का यह भी एक कारण है लेकिन उनका डर निराधार है। त्रिभाषा फामूर्ला न तो किसी राज्य पर हिंदी थोपने का प्रयास कर रहा है न ही परिसीमन से किसी भी राज्य का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कम होने जा रहा है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन परिसीमन और त्रिभाषा फामूर्ले को लेकर केंद्र सरकार पर आक्रामक हैं। वह दक्षिणी राज्यों को साथ लेकर मोदी सरकार को घेरना चाहते हैं। वह भ्रम फैला रहे हैं कि परिसीमन से तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में लोकसभा की सीटें घट जाएंगी।वे त्रिभाषा फामूर्ले को लेकर तमिलनाडु पर हिंदी थोपे जाने का भी आरोप लगा रहे हैं, जो उनकी राजनीतिक बेचैनी को दशार्ता है। तमिलनाडु में 1967 से कांग्रेस का जो पराभव शुरू हुआ, वह दो क्षेत्रीय द्रविड़ दलों– द्रमुक और अन्नाद्रमुक के वर्चस्व के साथ खत्म हुआ। इसकी वजह वहां 1965 से शुरू हिंदी विरोधी आंदोलन था।आज उसी के सहारे स्टालिन आगामी विधानसभा चुनावों में अपनी वापसी का सपना देख रहे हैं। तमिलनाडु में द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच सत्ता परिवर्तित होती रही है। इस हिसाब से 2026 में अन्नाद्रमुक की बारी दिखती है, लेकिन जयललिता की मृत्यु के बाद वह कमजोर पड़ गई है, जबकि मोदी के नेतृत्व में भाजपा विकल्प के रूप में उभरने की कोशिश कर रही है।भाजपा को पूर्व पुलिस अधिकारी और लोकप्रिय नेता अन्नामलाई का नेतृत्व प्राप्त है। 2024 लोकसभा चुनावों में भाजपा राज्य में 11.3 प्रतिशत वोट पाकर तीसरी शक्ति बनकर उभरी। पार्टी केवल 23 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ी और उन सीटों पर उसे 19.6 प्रतिशत वोट मिले। भले ही भाजपा कोई सीट नहीं जीत पाई, पर कन्याकुमारी और कोयंबटूर में



दूसरे स्थान पर थी।स्टालिन को भय है कहीं अन्नाद्रमुक का एक धड़ा भाजपा की ओर न खिसक जाए और 2026 में भाजपा की सरकार न बन जाए। उनका यह भय निराधार नहीं, क्योंकि बीते दिनों अन्नाद्रमुक नेता पलानीसामी ने अमित शाह से मुलाकात की। यह मुलाकात यह भी बताती है कि अन्नाद्रमुक को स्टालिन के हिंदी विरोध में कोई दम नहीं दिखाई देता। स्टालिन ने दो मोर्चे खोल रखे हैं।प्रथम, वे त्रिभाषा फामूर्ले को तमिलनाडु पर हिंदी थोपने का प्रयास बता रहे हैं। द्वितीय, परिसीमन पर भ्रम फैला रहे कि इससे तमिलनाडु और दक्षिणी राज्यों की संसद में सीटें घट जाएंगी। ये दोनों वास्तविकता से परे और राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित हैं। त्रिभाषा फामूर्ले के तहत छात्रों को पांचवीं तक मातृभाषा में शिक्षा मिलेगी। छह से दस तक तीन भाषाओं अर्थात मातृभाषा, कोई भारतीय भाषा और अंग्रेजी का अध्ययन करना होगा।कक्षा 11 से 12 तक स्कूल चाहे तो कोई विदेशी भाषा जैसे जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश आदि पढ़ने का विकल्प दे सकता है। इसमें कहीं हिंदी पढ़ने की अनिवार्यता नहीं, पर जनता में क्षेत्रीयता–भाषा को आधार बना भ्रम फैलाना आसान है। इसी कारण आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने पूछा है कि पैसा कमाने के लिए तमिल फिल्में हिंदी में क्यों डब की जाती हैं? क्यों वे हिंदी से घृणा करते हैं?परिसीमन पर भी स्टालिन का आरोप भ्रमात्मक है। अभी जनगणना होनी है। उसमें कम से कम एक वर्ष का समय लगेगा और 2026 के अंत तक उसके आंकड़े मिलेंगे। परिसीमन का काम 2027 के पहले शुरू नहीं हो सकेगा। सर्वप्रथम कानून द्वारा पांचवें परिसीमन आयोग का गठन होगा, फिर आयोग अपनी कार्यप्रणाली हेतु नियम बनाएगा। फिर परिसीमन का काम शुरू होगा।इस बार परिसीमन काफी चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि परिसीमन आयोग को लोकसभा की सीटें बढ़ानी हैं, जिससे प्रत्येक निर्वाचन–क्षेत्र को एक नया आकार प्रकार मिलेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के अनुसार लोकसभा और सभी विधानसभाओं की कुल सीटों में एक तिहाई सीटें महिलाओं हेतु आरक्षित करनी पड़ेंगी।विगत 50 वर्षों से पूर्ण परिसीमन नहीं हुआ है, जिससे आज अनेक सांसद लगभग 25–30 लाख जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इससे लोकतंत्र की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। गृहमंत्री अमित शाह स्पष्ट कर चुके हैं कि परिसीमन से किसी भी राज्य की सीटें लोकसभा में कम नहीं होंगी। संसद को कुछ ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में अच्छा काम किया है, उन्हें पुरस्कृत करने हेतु कुछ अतिरिक्त सीटें आवंटित की जाएं।यह भी हो सकता है कि लोकसभा के वर्तमान सीट आवंटन को यथावत रखा जाए और परिसीमन से बढ़ी सीटों को नवीनतम जनसंख्या के अनुपात में राज्यों को आवंटित किया जाए। परिसीमन एक विधिक राजनीतिक प्रक्रिया है। इसमें परिसीमन आयोग को कई समझौते करने पड़ते हैं। स्टालिन द्वारा इसे मुद्दा बनाना परिसीमन आयोग पर राजनीतिक दबाव बनाने जैसा है।प्रधानमंत्री मोदी कर्नाटक के बाद तमिलनाडु में भाजपा को सशक्त करने हेतु प्रयासरत हैं। उन्होंने इसके लिए तमिल प्रतीकों का सहारा लिया है। 28 मई, 2023 को उन्होंने नई संसद में तमिल प्रतीक सेंगोल की स्थापना की, जो चोल साम्राज्य में राजसत्ता का प्रतीक माना जाता था। मोदी ने उत्तर और दक्षिण, काशी और तमिल संस्कृति को जोड़ने हेतु दिसंबर 2022 से तमिल संगमम शुरू किया, जिसका तीसरा संस्करण हाल में वाराणसी में हुआ।मोदी सरकार ने ट्रेनों के नाम भी तमिल प्रतीकों पर रखे हैं, जैसे सेंगोल एक्सप्रेस। वह अपने भाषणों में प्राय: तमिल कवि और दार्शनिक तिरुवल्लुवर और उनकी रचना थिरक्कुरल का उल्लेख करते हैं। मोदी का उद्देश्य देश को एकता के सूत्र में बांधने का है। इसके सह उत्पाद के रूप में भाजपा को उसका राजनीतिक लाभ मिल सकता है।राष्ट्रीय दल होने के कारण भाजपा को तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक, और आंध्र प्रदेश में अपना विस्तार करना ही चाहिए। स्टालिन के डर का यह भी एक कारण है, लेकिन उनका डर निराधार है। त्रिभाषा फामूर्ला न तो किसी राज्य पर हिंदी थोपने का प्रयास कर रहा है, न ही परिसीमन से किसी भी राज्य का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कम होने जा रहा है।स्टालिन केंद्र–राज्य संबंधों में तनाव बढ़ाकर अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, लेकिन क्या वे ऐसा कर पाएंगे? क्या वह मोदी और भाजपा को तमिलनाडु में रोक पाएंगे? स्पष्ट है कि यह समय ही बताएगा।

# प्रतिस्पर्धात्मक शैक्षणिक संस्कृति में छिपे तनाव पहचानें

विजय गर्ग

हाल ही में, आईआईटी कानपुर ने द आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के साथ मिलकर एक भलाई कार्यक्रम शुरू किया है। रिपोर्ट के अनुसार, फाउंडेशन ने श्वास क्रिया, ध्यान और माईंडफुलनेस अर्थात संचेतना (आसपास की घटनाओं के प्रति सजग रहते हुए इनमें बहने से बचना) सहित विशेषज्ञ सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित करने पर सहमति जताई है। इसका उद्देश्य है युवा छात्रों की मानसिक सहनशक्ति एवं तनाव प्रबंधन क्षमताओं को बेहतर बनाना। समझा जा सकता है कि आईआईटी के अधिकारी अपने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर इतने चिंतित क्यों हैं। दरअसल, हाल ही में सूचना के अधिकार से मिली एक जानकारी से पता चला है कि पिछले पांच सालों में 37 विद्यार्थियों ने खुदकशी है, जिसमें 11 छात्र आईआईटी के थे। इसलिए, कोई हैरानी नहीं कि आईआईटी गुवाहाटी ने भी नैदानिक अभ्यासों की एक श्रृंखला चलाने की घोषणा की है झ मसलन,परामर्श सत्र, संकाय सदस्यों के साथ सुबह की सैर और तनाव से मुक्ति कार्यशालाएं।

हालांकि,भारत में समकालीन शैक्षिक परिदृश्य के एक पर्यवेक्षक के रूप में, मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि अलग-अलग परामर्श सत्र, श्वास क्रिया और संचेतना अभ्यासों का ऐसा कोई समुच्चय इन युवाओं की बढ़ती दिमागी, मानसिक चिंताओं और अस्तित्वगत पीड़ा से निपटने के लिए अपर्याप्त होगा, जो पहले ही अत्यंत-प्रतिस्पर्धात्मक और सामाजिक डार्विनवाद जनित जीवन-हंता वायरस से बनी मारक रण भूमि में फंसे हुए हैं।

समस्या केवल किसी के आहत हुए स्वः की नहीं है,समस्या समाज की पूरी संरचना है - जिसमें संसाधनों की कमी और असमानता है या फिर किसी की योग्यता केवल प्राप्त किए गए बढ़िया नंबरों से आंकने वाली विचारधारा बनकर रह गई है। उस



चूहा-दौड़ में शामिल होना,जिसे तकनीकी-पूंजीपति सफलता का प्रारूप ठहराते हैं। आप अपने अशांत स्वः को बाकी समाज के ताने-बाने से अलग नहीं कर सकते।

तीन कारणों के बारे में सोचें कि मानसिक तनाव या अकेलापन आईआईटी के माहौल में अंतर्निहित क्यों है। वास्तव में आप महसूस करेंगे कि किसी भी आईआईटी में प्रवेश पाने की प्रक्रिया ही स्वाभाविक रूप से तनावपूर्ण है। यह किसी महान शिक्षक के साथ चलकर सीखने जैसा न होकर विज्ञान और गणित की गूढ़ता को बनावटी बौद्धिक उत्साह और जिज्ञासा के साथ तलाशने जैसा है। इतना ही नहीं, कोचिंग सेंटरों के अत्याचार से लेकर, कभी न खत्म होने वाले अभ्यास परीक्षा तक की इस यात्रा में कोई रचनात्मक उत्साह या खुशी नहीं है। भाग्यशाली छात्र जब तक बाधाओं से पार पाते हैं - जेईई मुख्य परीक्षा से लेकर जेईई एडवांस उत्तीर्ण करने तक - तब तक उनमें से कई मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक तौर से दरिद्र हो चुके होते हैं।

दूसरा, यह मानना ??गलत है कि जब कोई आईआईटी में भर्ती पा लेता है तो उसकी जिंदगी वास्तव में भरपूर बन जाती है, और सब कुछ गुलाबी-गुलाबी हो जाता है। अतिशयी-प्रतिस्पर्धात्मक शैक्षणिक संस्कृति में छिपे तनावों का कोई अंत नहीं है। अच्छा ग्रेड पाने की लालसा, बाजार मांग के अनुरूप लगातार बदलते कौशल सीखते रहने का दबाव, और अंतिम नियति को लेकर निरंतर चिंता झ जैसे कि, बढ़िया जगह पर नौकरी और वेतन पैकेज। ये सब एक ऐसा सामाजिक माहौल बना देते हैं, जिसमें कोई सच्चा दोस्त नहीं, कोई रचनात्मक उत्साह नहीं होता। हर कोई एक एकाकी व अहंकारी योद्धा भर है!

और तीसरा, चूंकि हमारे समाज में आईआईटी में दाखिला पाने का कुछ ज्यादा ही महिमामंडन किया जाता है, जिसकी कीमत में, हमारे अधिकांश कॉलेज और विश्वविद्यालयों का व्यवस्थित रूप से अवमूल्यन हो रहा है। इसलिए आईआईटी विद्यार्थी के लिए लोगों की नजरों में चढ़ने से बचना बहुत मुश्किल बन जाता है। हम आईआईटी में पढ़ने वाले को एक मिथकीय उत्पाद के रूप में देखना शुरू कर देते हैं: एक अत्यंत-बुद्धिमान प्रौद्योगिकीविद्, वह जो सब कुछ हासिल कर ले, जिसकी सफलता को हम मिथक बनाना पसंद करते हैं। एक आकर्षक नौकरी, किसी तकनीकी-कॉर्पोरेट उद्यम में एक उच्च पद, लगातार विदेश यात्राएं और निरंतर सामाजिक/आर्थिक गतिशीलता! वास्तव में, हमारा समाज पागलों की तरह सफलता की कहानियों से ग्रस्त है। इसकी वजह से अगर आप एक आईआईटी वाले हैं, तो इस बात की संभावना बहुत कम है कि लोगबागझआपके माता-पिता सहित - आपको सिर्फ.एक इंसान के रूप में देखेंगे। आपको लगातार अपने अलौकिक गुणों को साबित करते रहना पड़ेगा। ऐसा लगता है मानो आपका आम होना ही आपका गुनाह है! वास्तव में, यह असंभव अपेक्षा उनमें से कईयों को अमानवीय अवगुण से भर देती है।

निस्संदेह, यदि हम इन मुद्दों पर विचार कर हल नहीं निकालते तो हम इन एकाकी व तनावग्रस्त युवा प्रतियोगियों के अंदर केवल ध्यान, श्वास क्रिया और संचेतना अभ्यास करवाकर विवेक पैदा नहीं करवा सकते। भले ही यह किसी प्रकार का अस्थायी राहत देने वाला हो झफील गुड की क्षणिक अवस्था उनके जीवन-पथ में कोई मौलिक परिवर्तन लाने की संभावना नहीं रखती। हालांकि, तात्पर्य यह नहीं है कि संचेतना अभ्यास कोई मायने नहीं रखता। निस्संदेह, अतीत की चोटों और भविष्य की चिंता से विचलित हुए बिना, वर्तमान क्षण में गहराई से और तीव्रता से जीने की क्षमता ही एक बड़ी ध्यान कला है। इसके लिए समर्पित धार्मिकता की भावना होनी चाहिए- शांति, प्रेम परिपूर्ण सहृदयता और करुणा की निरंतर खोज।

हालांकि, विडंबना यह है कि तेजी से विकास करते आध्यात्मिक सुपरमार्केट वाले हमारे इस समयकाल ने ध्यान व संचेतना के लाभ का भी मजाक बनाकर रख दिया है। इसे फौरी राहत प्रदान करने वाले एक उत्पाद के रूप में बेचा जा रहा है। इसके अलावा, यह आध्यात्मिक उद्योग एक अन्य महत्वपूर्ण सवाल अब तक नहीं पूछ पाया: संचेतना हो किसके वास्ते? क्या मुझे अपने कॉर्पोरेट लालच को बढ़ाने के लिए संचेतना अभ्यास करने की आवश्यकता पड़ेगी? क्या अपने विश्वविद्यालय में टॉपर बनने के लिए मेरे लिए संचेतना अभ्यास करना जरूरी है? क्या मुझे अहंकार के बोझ से मुक्ति और तनावमुक्ति हेतु संचेतना अभ्यास की आवश्यकता है?

# वैदिक,सनातनी शिक्षा से वैश्विक नेतृत्व

संजीव ठाकुर

भारत में प्रागैतिहासिक वैदिक तथा सनातनी शिक्षा तथा ज्ञान का स्वरूप बड़ा ही विस्तृत है। भारत को भारतवर्ष भी आदिकाल की सांस्कृतिक शिक्षा और विशाल ज्ञान के भरपूर स्त्रोतों के कारण ही कहा जाता रहा है। भारत के ऋषि, मुनि, गौतम और अनेक संस्कृत के शिक्षकों ने भारत भूमि को न सिर्फ गौरवशाली बनाया बल्कि ऐतिहासिक रूप से इसे विश्व में सर्वोपरि स्थान दिलाया है। भारत के गौरव को और ऊंचा उठाने में स्वामी विवेकानंद जी की शिकागो यात्रा और उन के शक्तिशाली व्याख्यान ने द्विगुणित करने की भूमिका निभाई है।

भारतीय वेदों और संस्कृति ने वैश्विक स्तर पर नए नए आयाम का सृजन किया है वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील हैशिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी हैदूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है

# बीजेपी के मुस्लिम प्रेम-सलमान खान की राम मंदिर वाली घड़ी पर खुलकर बोले संजय निरुपम

- ठाकरे की शिवसेना जनता का कर रही है अपमान
- संजय निरुपम ने शिवसेना यूबीटी पर किया तीख हमले
- बोले-ऐसा ही रहा तो बीएमसी चुनाव लोग कर देंगे साफ



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में कॉमेडियन कुणाल कामरा की डिप्टी सीएम एकनाथ शिंद पर गद्दार टिप्पणी के बाद शिवसेना के दो गुटों में शुरू हुई जुबानी जंग जारी है। शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा गुरुवार को बीजेपी के सौगात-ए-मोदी कार्यक्रम पर सवाल खड़े जाने और अभिनेता सलमान खान के रमजान में राममंदिर वाली घड़ी पहने पर अब शिवसेना की प्रतिक्रिया सामने आई है। शुक्रवार को मुंबई में शिंदे गुट के नेता संजय निरुपम ने एक बार फिर उद्धव ठाकरे के गुट को 'बची खुची' शिवसेना कहकर संबोधित किया। निरुपम ने कहा कि संजय राउत सरकार में बैठे लोगों को गधा बता रहे हैं। निरुपम ने कहा कि अगर यही स्थिति रही तो बची-खुची शिवसेना को लोग बीएमसी चुनावों में खत्म कर देंगे। एक दिन पहले गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में संजय निरुपम ने कुणाल कामरा पर कहा था वह झुकेगा तो नहीं लेकिन छिपेगा जरूर। निरुपम ने कहा था कि मुंबई पुलिस जरूर कार्रवाई करेगी। निरुपम ने बताया स्ट्राइक रेटनिरुपम ने कहा कि पहले लोकसभा और फिर विधानसभा चुनावों में महाराष्ट्र की जनता बता चकी है कि कौन असली शिवसेना है। निरुपम ने कहा कि विधानसभा चुनावों में शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना का स्ट्राइक रेट 70.37 प्रतिशत था जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना का स्ट्राइक रेट 21.05 प्रतिशत था।

# 'उद्धव आधुनिक समय के औरंगजेब', शिवसेना सांसद का दावा, संपत्ति को लेकर अपने भाई-बहनों से झगड़ते रहे

> उद्धव पर निशाना साधते हुए म्हास्के ने कहा कि उन्होंने अपने पिता की विचारधारा का पालन नहीं किया। इसलिए उद्धव ठाकरे एक 'आधुनिक औरंगजेब' हैं। उन्होंने उन लोगों से हाथ मिलाया जो बालासाहेब ठाकरे और हिंदुत्व विचारधारा के दुश्मन थे।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के ने शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे के बारे में तीखी व्यक्तिगत टिप्पणी की और उन्हें औरंगजेब का आधुनिक संस्करण बताया। म्हास्के ने नई दिल्ली से एक वीडियो बयान साझा किया, जिसमें उन्होंने ठाकरे और मुगल बादशाह के बीच तुलना करते हुए बताया कि कैसे ठाकरे ने उनके पिता बालासाहेब को चोट पहुंचाई और संपत्ति को लेकर अक्सर अपने भाई-बहनों से झगड़ते रहे। सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि वह नए दौर के 'आधुनिक औरंगजेब' हैं। उद्धव ठाकरे ने अपने भाइयों को औरंगजेब की तरह ही कष्ट दिए हैं। राज ठाकरे ने खुद कहा है कि उद्धव ठाकरे ने बालासाहेब ठाकरे को उनके अंतिम दिनों में कष्ट दिए थे। उद्धव पर निशाना साधते हुए म्हास्के ने कहा कि उन्होंने अपने पिता की विचारधारा का पालन नहीं किया। इसलिए उद्धव ठाकरे एक 'आधुनिक औरंगजेब' हैं। उन्होंने उन लोगों से हाथ मिलाया जो बालासाहेब ठाकरे और हिंदुत्व विचारधारा के दुश्मन थे। उन्होंने दावा किया कि उद्धव ने संपत्ति के मामले में अपने परिवार को भी अदालत में घसीटा। जब वह अपने परिवार के प्रति वफादार नहीं रहे तो उनसे राज्य और उसके नागरिकों के लिए काम करने की उम्मीद कैसे की जा सकती है...उद्धव आधुनिक समय के औरंगजेब से कम नहीं हैं। इससे पहले शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह मुसलमानों को जहर देना चाहती है या भोजन। राज्य विधानसभा के बजट सत्र के समाप्त होने के एक दिन बाद ठाकरे ने संवाददाताओं से बातचीत में मुस्लिम परिवारों के लिए ह्यसौगात-ए-मोदीह्ल कार्यक्रम को लेकर भाजपा की आलोचना करते हुए यह बात कही। उन्होंने इसे आगामी बिहार चुनाव के मद्देनजर सौगात-ए-सत्ता करार दिया। इस टिप्पणी पर भाजपा की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आई। ठाकरे ने भाजपा पर पाखंड का आरोप लगाते हुए कहा कि जब पिछले साल लोकसभा चुनावों में शिवसेना (यूबीटी) को मुस्लिम मतदाताओं से काफी समर्थन मिला था, तो भाजपा ने कथित तौर पर हिंदुत्व छोड़ने के लिए उनकी निंदा की थी और सत्ता जिहाद जैसे मुहावरे गढ़े थे। उन्होंने कहा, लेकिन अब उन्हीं लोगों ने अपना रुख बदल दिया है।

फास्ट ट्रैक

# मध्य रेल के मुंबई मंडल पर दिनांक 30.03.2025 को मेगा ब्लॉक




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल, मुंबई मंडल अपने उपनगरीय खंडों पर दिनांक 30.03.2025 को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा, विवरण इस प्रकार हैः

ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच अप और डाउन स्लो लाइन सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक

मुलुंड से सुबह 10.43 बजे से दोपहर 3.53 बजे तक छूटने वाली डाउन स्लो/सेमी फास्ट सेवाएं मुलुंड और कल्याण स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो ठाणे, कलवा, मुंब्रा, दिवा और डोंबिवली स्टेशनों पर रुकेंगी और निर्धारित समय से 10 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी।

सुबह 10.36 बजे से दोपहर 3.51 बजे तक कल्याण से छूटने वाली अप स्लो/सेमी फास्ट सेवाएं कल्याण और मुलुंड स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो डोंबिवली, दिवा, मुंब्रा, कलवा और ठाणे स्टेशनों पर रुकेंगी और मुलुंड स्टेशन पर अप स्लो लाइन पर फिर से डायवर्ट की जाएंगी और अपने गंतव्य पर निर्धारित समय से 10 मिनट देरी से पहुंचेंगी।

ठाणे लोकल डाउन स्लो लाइन पर चलेंगी

सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान/पहुंचने वाली सभी अप और डाउन स्लो सेवाएं निर्धारित समय से 10 मिनट देरी से पहुंचेंगी/प्रस्थान करेंगी।कुर्ला और वाशी स्टेशनों के बीच अप और डाउन हार्बर लाइन सुबह 11.10 बजे से शाम 4.10 बजे तकसीएसएमटी मुंबई से सुबह 10.34 बजे से दोपहर 3.36 बजे तक वाशी/बेलापुर/पनवेल के लिए प्रस्थान करने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएं और पनवेल/बेलापुर/वाशी से सुबह 10.16 बजे से दोपहर 3.47 बजे तक सीएसएमटी मुंबई की ओर जाने वाली अप हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी।ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी मुंबई-कुर्ला और पनवेल-वाशी।क्शन पर विशेष उपनगरीय ट्रेनें चलेंगी।हार्बर लाइन के यात्रियों को ब्लॉक अवधि के दौरान सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच यात्रा करने की अनुमति है।ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इससे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें।

# पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़ा जाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और उनकी बढ़ती यात्रा मांग को पूरा करने के लिए 31 मार्च, 2025 से ट्रेन संख्या 12009/12010 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी चेयर कार कोच को स्थायी रूप से जोड़ने का निर्णय लिया है।भारत की प्रमुख शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनों में से एक के रूप में, यह ट्रेन आधुनिक सुविधाओं के साथ तेज, आरामदायक और कुशल यात्रा अनुभव प्रदान करती है। मुंबई और अहमदाबाद के बीच अपनी हाई-स्पीड कनेक्टिविटी के लिए जानी जाने वाली इस ट्रेन की यात्री क्षमता में और वृद्धि होगी, जिससे सालाना सीधे 65,000 से अधिक यात्रियों की अतिरिक्त क्षमता बढ़ जाएगी।

# आईपीएल प्रशंसकों के लिए पश्चिम रेलवे का तोहफा !

## पश्चिम रेलवे द्वारा आईपीएल 2025 से पहले वानखेड़े नॉर्थ फुट ओवर ब्रिज का पुनर्निर्माण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे ने वानखेड़े नॉर्थ फुट ओवर ब्रिज (FOB) का सफलतापूर्वक पुनर्निर्माण कर उसे सार्वजनिक उपयोग के लिए खोल दिया है, जिससे प्रसिद्ध वानखेड़े स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 के मैचों से पहले क्रिकेट प्रशंसकों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधा सुनिश्चित हो गई है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) से आवश्यक धनराशि प्राप्त करने के बाद एफओबी का पुनर्निर्माण केवल आठ महीनों में पूरा किया गया।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नवनिर्मित एफओबी अब दो सीढ़ियों के साथ चालू है - एक पूर्व दिशा में उत्तरमुखी और दूसरी पश्चिम दिशा में उत्तरमुखी ।इससे पैदल यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी, खासकर आगामी आईपीएल मैचों के दौरान।6.30 मीटर चौड़ाई के 48 मीटर लंबे एफओबी का पुनर्निर्माण 6.50 करोड़ की लागत से किया गया है। इसके अतिरिक्त, पूर्व और पश्चिम दिशा की दो अन्य सीढ़ियाँ (दक्षिण की ओर) 7 अप्रैल, 2025 तक एमसीए को सौंप दी जाएँगी। सुरक्षा और दृश्यता बढ़ाने के लिए एमसीए द्वारा प्रकाश व्यवस्था और निगरानी कैमरे लगाए गए हैं।श्री विनीत ने आगे बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), मुंबई द्वारा किए गए संरक्षा ऑडिट के बाद जून 2020 में मूल एफओबी को बंद कर दिया गया था। इस महत्वपूर्ण पैदल यात्री संपर्क को बहाल करने की आवश्यकता को समझते हुए, पश्चिम रेलवे ने इसे पूरा करने के लिए समर्पित प्रयासों के साथ पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू की। पश्चिम रेलवे समय पर बुनियादी ढांचे में सुधार के माध्यम से यात्री संरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस एफओबी के फिर से खुलने से क्रिकेट प्रेमियों और यात्रियों को समान रूप से लाभ मिलने की उम्मीद है।

# पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी तीन समर स्पेशल ट्रेनें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः

1. ट्रेन संख्या 09027/09028 उधना दानापुर साप्ताहिक स्पेशल (26 फेरे)

ट्रेन संख्या 09027 उधना दानापुर स्पेशल हर गुरुवार को उधना से 11:25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14:00 बजे दानापुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 3 अप्रैल से 26 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09028 दानापुर झ्र उधना स्पेशल हर शुक्रवार को दानापुर से 16:40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23:30 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 4 अप्रैल से 27 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्या 09309/09310 इंदौर-हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट स्पेशल (द्वि-साप्ताहिक) [52 फेरे]

ट्रेन संख्या 09309 इंदौर-हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को इंदौर से 17:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 05:00 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। यह ट्रेन 04 अप्रैल 2025 से 29 जून 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09310 हजरत निजामुद्दीन-इंदौर सुपरफास्ट स्पेशल हजरत निजामुद्दीन से प्रत्येक शनिवार और सोमवार को 08:20 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 21:00 बजे इंदौर पहुंचेगी। यह ट्रेन 05 अप्रैल, 2025 से 30 जून 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, नागदा, शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर और मथुरा स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे।

3. ट्रेन संख्या 09343/09344 डॉ. अंबेडकर नगर - पटना स्पेशल (साप्ताहिक) (26 फेरे)

ट्रेन संख्या 09343 डॉ. अंबेडकर नगर- पटना स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को 18.30 बजे डॉ. अंबेडकर नगर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18.30 बजे पटना पहुंचेगी। यह ट्रेन 03 अप्रैल 2025 से 26 जून 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09344 पटना- डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को पटना से 20.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23.20 बजे डॉ. अंबेडकर नगर पहुंचेगी। यह ट्रेन 04 अप्रैल 2025 से 27 जून 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में इंदौर, फतेहाबाद चंद्रावतीगंज, उज्जैन, मक्सी, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 09027, 09309 एवं 09343 की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC की वेबसाइट पर 31 मार्च, 2025 से शुरू होगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www .enquiry. indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# पश्चिम रेलवे का जगजीवन राम अस्पताल अत्याधुनिक सीटी और एमआरआई सुविधाओं की मदद से अपनी डायग्नोस्टिक सुविधाओं को बढ़ाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, मुंबई सेंट्रल स्थित पश्चिम रेलवे के जगजीवन राम अस्पताल में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा, सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत अत्याधुनिक सीटी और एमआरआई सुविधाएँ शुरू करके अपनी डायग्नोस्टिक सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है। यह महत्वपूर्ण सुविधा अपने अंतिम चरण में है और अगले तीन महीनों में इन एडवांस्ड इमेजिंग प्रणालियों की शुरूआत होने की उम्मीद है।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस प्रगतिशील पहल से मरीजों को बीमारियों की जांच के लिए अस्पताल से बाहर रेफर करने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। साथ ही, महत्वपूर्ण इमेजिंग जांच के लिए प्रतीक्षा समय में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। सीटी और एमआरआई सेवाओं की इन-हाउस उपलब्धता से रेलवे लाभार्थियों को समय पर और सटीक निदान मिलेगा, जिससे इलाज तेजी से शुरू हो सकेगा और उपचार के बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे।जगजीवन राम अस्पताल में नव स्थापित न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी और यूरोलॉजी विभागों को इस एडवांस्ड इमेजिंग सेटअप से बहुत लाभ मिलेगा। इससे चिकित्सा की जटिल स्थितियों का अधिक सटीकता से पता लगाने और उनका प्रबंधन करने में मदद मिलेगी। यह विकास अस्पताल में डायग्नोस्टिक सुविधाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों और सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए बेहतर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करता है।पश्चिम रेलवे चिकित्सा प्रौद्योगिकी में निरंतर प्रगति के लिए समर्पित है, जो लाभार्थियों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इन अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाओं की शुरूआत रेलवे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में रोगियों की बेहतर देखभाल और चिकित्सा उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए जगजीवन राम अस्पताल के मिशन को रेखांकित करती है।

# मुलुंड के नव निर्मित मनपा अस्पताल के निजीकरण का तीव्र विरोध

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई , मुलुंड के एम.टी.अग्रवाल मनपा अस्पताल का पुनर्निमाण कई वर्षों से चल रहा है। इसके निर्माण में पिछले 7-8 वर्षों में 300 करोड़ से भी अधिक रुपए खर्च हो चुके हैं। मुलुंड भांडुप और वागले इस्टेट( ठाणे ) के अधिकांश गरीब जनता इस अस्पताल की उपचार सेवा का लाभ उठाती है। अब जब नव निर्मित भवन का कार्य अंतिम चरण में है। उद्घाटन की तैयारियां हो रही हैं अब पता चला कि मुंबई मनपा प्रशासन इसे निजी क्षेत्र के लोगों को सौंपने का निर्णय ले चुका है।मुंबई मनपा के निर्णय की सभी सामाजिक राजनीतिक हलकों में तीव्र विरोध हो रहा है। युवा ब्रिगेड एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.सचिन सिंह,राकांपा मुलुंड के अध्यक्ष कन्हैयालाल गुप्ता, भाजपा के पूर्व नगर सेवकप्रकाश गंगाधरे,मुलुंड भाजपा अध्यक्ष मनीष तिवारी,मनसेद्वारा हस्ताक्षर अभियान,समता हाकर्स युनियन के अध्यक्ष शरीफ खान एवं वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबूलाल सिंह तथा बीरेन्द्र पाठक द्वारा पत्र लिखकर मुंबई मनपा आयुक्त तथा सहायक आयुक्त टी वार्ड से मांग किया है कि इस अस्पताल को मनपा द्वारा ही संचालित किया जाए। इसे निजी हाथों में न सौंपा जाय ?नहीं तो नागरिकों से साथ हम सब को उग्र प्रदर्शन करने पर बाध्य होना पडेगा। कांग्रेस एवं महाविकास आधाडी द्वारा आगामी 2 अप्रैल को विशाल मोर्चा मुलुंड मनपा टी वार्ड कार्यालय पर राकेश शेट्टी केनेतृत्व में निकाला जाएगा।

# पश्चिम रेलवे द्वारा 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित किए गए हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

1. ट्रेन संख्या 09003 मुंबई सेंट्रल-दिल्ली द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एसी स्पेशल को 06 मई, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
2. ट्रेन संख्या 09004 दिल्ली-मुंबई सेंट्रल द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एसी स्पेशल को 07 मई, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
3. ट्रेन संख्या 09622 बांद्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
4. ट्रेन संख्या 09621 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल को 29 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
5. ट्रेन संख्या 09059 उधना-खुर्दा रोड साप्ताहिक स्पेशल को 11 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
6. ट्रेन संख्या 09060 खुर्दा रोड- उधना साप्ताहिक स्पेशल को 13 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
7. ट्रेन संख्या 09425 साबरमती झ्र हरिद्वार द्वि-साप्ताहिक स्पेशल को 04 मई, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
8. ट्रेन संख्या 09426 हरिद्वारझ्र साबरमती द्वि-साप्ताहिक स्पेशल को 05 मई, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

ट्रेन संख्या 09003 की विस्तारित यात्राओं के लिए बुकिंग 30.03.2025 से शुरू होगी, जबकि ट्रेन संख्या 09622, 09059 और 09425 के लिए बुकिंग 31.03.2025 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ठहराव और संरचना के समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www. enquiry. indianrail.gov.inपर जा सकते हैं।

# मध्य रेल द्वारा विशेष ट्रेनों की अवधि का विस्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए निम्नलिखित विशेष ट्रेनों की सेवा अवधि को विस्तार देने का निर्णय लिया गया है, विवरण इस प्रकार है :

1. ट्रेन संख्या 01435 सोलापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक विशेष, जिसे दिनांक 25.03.2025 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब दिनांक 29.04.2025 तक बढ़ा दी गई है।
2. ट्रेन संख्या 01436 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सोलापुर साप्ताहिक विशेष, जिसे दिनांक 26.03.2025 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब दिनांक 30.04.2025 तक बढ़ा दी गई है।
3. ट्रेन संख्या 01438 तिरुपति-सोलापुर साप्ताहिक विशेष, जिसे दिनांक 28.03.2025 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब दिनांक 25.04.2025 तक बढ़ा दी गई है।
4. ट्रेन संख्या 01437 सोलापुर-तिरुपति साप्ताहिक विशेष, जिसे दिनांक 27.03.2025 तक चलने के लिए अधिसूचित थी, अब दिनांक 24.04.2025 तक बढ़ा दी गई है।
5. ट्रेन संख्या 01091/01092 खंडवा-सनावद-खंडवा अनारक्षित विशेष, जो दिनांक 30.03.2025 तक चलने के लिए अधिसूचित थी, अब दिनांक 29.04.2025 तक बढ़ा दी गई है

दिनांक 31.03.2025 तक चलने के लिए अधिसूचित निम्नलिखित दैनिक ट्रेनों को दिनांक 30.04.2025 तक बढ़ा दिया गया है

ट्रेन संख्या 01461 सोलापुर-दौंड अनारक्षित दैनिक विशेष

ट्रेन संख्या 01462 दौंड-सोलापुर अनारक्षित दैनिक विशेष

ट्रेन संख्या 01463 सोलापुर-कलबुरगि अनारक्षित दैनिक विशेष

ट्रेन संख्या 01464 कलबुरगि-सोलापुर अनारक्षित दैनिक विशेष

ट्रेन संख्या 01212 नासिक रोड-बडनेरा अनारक्षित दैनिक विशेष

ट्रेन संख्या 01024 कोल्हापुर-पुणे दैनिक विशेष

ट्रेन संख्या 01023 पुणे-कोल्हापुर दैनिक विशेष

ट्रेन संख्या 01487 पुणे-हरंगुल दैनिक विशेष

ट्रेन संख्या 01488 हरंगुल-पुणे दैनिक विशेष

उपर्युक्त ट्रेनों के समय, संरचना और ठहराव में कोई बदलाव नहीं होगा

दिनांक 31.03.2025 तक चलने के लिए अधिसूचित ट्रेन संख्या 01211 बडनेरा-नासिक रोड अनारक्षित दैनिक विशेष अब दिनांक 30.04.2025 तक चलेगी एवं दिनांक 01.04.2025 से संशोधित समय के साथ चलेगी, विवरण इस प्रकार हैः

ट्रेन संख्या 01211 बडनेरा से 10.05 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 19.05 बजे नासिक रोड पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 01211 की संरचना और ठहराव में कोई बदलाव नहीं होगा।

आरक्षणः विशेष ट्रेन संख्या 01435, 01436, 01437, 01024, 01023, 01487 और 01488 की विस्तारित यात्राओं के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइटX www. irctc.com. पर खुली है।

# तनाव मुक्ति के लिए ऑनलाइन 'बाबा' की पूजा पड़ी महंगी, सॉफ्टवेयर इंजीनियर को 12 लाख का चूना

**जीवन की कठिनाइयों से पैदा तनाव से मुक्ति पाने के लिए ऑनलाइन बाबा का मार्गदर्शन लेना एक 25 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर को महंगा पड़ गया। 'डिवाइन ऐप' पर मिले 'बड़े बाबा' ने इस इंजीनियर से उसके व्यवसाय और निजी जीवन में प्रगति के लिए वर्चुअल पूजा-अर्चना करके 12 लाख रुपये ऐंठ लिए।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः जीवन की कठिनाइयों से पैदा तनाव से मुक्ति पाने के लिए ऑनलाइन बाबा का मार्गदर्शन लेना एक 25 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर को महंगा पड़ गया। 'डिवाइन ऐप' पर मिले 'बड़े बाबा' ने इस इंजीनियर से उसके व्यवसाय और निजी जीवन में प्रगति के लिए वर्चुअल पूजा-अर्चना करके 12 लाख रुपये ऐंठ लिए। यह एहसास होने पर कि यह सब एक धोखा था। इतना पढ़ा लिखा सॉफ्टवेयर इंजीनियर ठगी का शिकार होने के बाद पुलिस स्टेशन पहुंच गया।कैसे हुई ठगी ?दरअसल पिछले साल अगस्त माह में पश्चिमी उपनगर में रहने वाले एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर के जीवन में तनावपूर्ण हालात पैदा हो गए। इस स्थिति से बाहर निकलने के बारे में सोचते समय उनके सामने 'डिवाइन टॉक ऐप' का विकल्प आया। उन्होंने इस ऐप का उपयोग शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि इस ऐप पर पहचाने गए किसी व्यक्ति को पूजा करानी होगी और इसकी अनुमानित लागत 15,000 रुपये होगी। यह राशि देने के बाद उन्होंने 28,000 रुपये की मांग की और कहा कि यदि वे कुछ और अनुष्ठान करेंगे तो सारी समस्याएं हल हो जाएंगी। साथ ही कहा कि युवक के मना करने और पूजा बीच में ही छोड़ देने पर आपकी मृत्यु हो जाएगी। इसके अलावा तीन ब्राह्मणों को भी अपनी जान गंवानी पड़ेगी। इसके साथ ही आरोपी तरह-तरह के कारण बताकर पैसे मांगता रहा।

# जमीन का फर्जी सौदा कर 13 लाख की धोखाधड़ी

बुलंदशहर, गुलावठी कोतवाली क्षेत्र में जमीन की खरीद-बिक्री में बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मसूरी कस्बे के निवासी हशमत ने गांव देहरा थाना धौलाना की गुलिस्ता, जानमोहम्मद और बिलाल पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। मामले के अनुसार, 10 मई 2024 को गुलिस्ता और उसके परिवार ने गुलावठी के गांव महौली में स्थित अपनी जमीन (खसरा नंबर 430, 437, 463, 451, रकबा 06747) को 54 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया।

**मध्य रेल**

**भुसावल मंडल**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा सं.: BSL-L-W-T-15-2025**

**कार्य का विवरण:** भाग ए – जलगांव में आरपीएफ पोस्ट भवन के निर्माण के संबंध में विद्युतीकरण कार्य। भाग बी – सावदा गुड्स शेड – बुनियादी सुविधाओं और सर्कुलेटिंग क्षेत्र के साथ गुड्स ऑफिस, लेबर रूम, मर्चेंट रूम और सर्कुलेटिंग एरिया का प्रावधान के संबंध में विद्युतीकरण कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 80,99,833/- **ऑनलाईन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक और समय: 21/04/2025 को 15.00 बजे वेबसाईट विवरण: https://www.ireps.gov.in**

**व.मं.वि.इं.(सा), भुसावल** 11

रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

FACIV NO-CO30 2077 2025

Date:- 20/03/2025

[Spl. - H.C., A. S. C. D. 50m]

IA NO. 17006/2023 FOR PUBLICATION IS ALLOWED VIDE COURT'S ORDER DT. 06/03/2025

**PUBLICATION NOTICE**

DUE ON 17/04/2025 or thereafter.

Date of Order 06th day of September, 2019

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT BOMBAY**

First Appeal No. 659 OF 2019

MACP No. 2814 OF 2008

Member, M. A. C. T., Mumbai.

**DR. DEVCHAND HEMRAJ GALA & ORS.** Appellant

Through Advocate AVINASH M. GOKHALE.

Versus

**MRS. SALINDERKAUR HARMINDER RATOL & ORS.** Respondents

Claim Rupees for Court fee, Rupees for jurisdiction

To,

R. NO. 1 : Salinderkaur Harminder Ratol
Flat No. 210, B-Wing, Regal Complex, Kalyan Ambernath Road, Shakti Nagar, Ulhasnagar, Dist-Thane, Maharashtra - 421003.
(OWNER OF TRUCK NO. MH-04-F-8988)

Take Notice that an appeal from the above decree of Member, M. A. C. T. , Mumbai passed in the abovementioned suit has been presented by the abovenamed appellant and registered in this court and this court and it is ordered by this court that the hearing of the said appeal will take place on 17/04/2025 or on any subsequent day which to this court may seem convenient.

If no appearance is made on your behalf, by yourself, your Advocate or by someone by law authorised to act for you in this First Appeal it will be heard and decided ex-parte in your absence.

Witness SHRI. PRADEEP NANDRAJOG & SHRI. DEVENDRAKUMAR UPADHYAYA & SHRI. ALOK ARADHE, Chief Justice at Bombay aforesaid this 06th day of September, 2019 & 04th day of November, 2023 & 06th day of March, 2025.

By order of the Court

STAMP

Sd/- Clerk

Sd/- Section Officer

SD/- for Deputy Registrar

## ठाणे पूर्व में 54 सीसीटीवी लगने से सुरक्षा में मिलेगी मदद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस की पहल पर, ठाणे पूर्व के चेंदनी कोलीवाडा से कोपरी गांव तक 54 सीसीटीवी नेटवर्क स्थापित करने का कार्य आज शुरू किया गया। इन सीसीटीवी के कारण कोपरी क्षेत्र की महिलाओं और आम नागरिकों को सुरक्षा मिलेगी और असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। भाजपा के पूर्व नगरसेवक भरत चव्हाण और भाजपा युवा मोर्चा के राज्य सचिव ओंकार चव्हाण की पहल से इस काम को मंजूरी मिली है। पिछले कुछ महीनों से ठाणे पूर्व में चोरी, सोने की चेन चोरी और वाहन चोरी की घटनाओं में कुछ वृद्धि हुई है। इसलिए, भाजपा के पूर्व नगरसेवक भरत चव्हाण और ओंकार चव्हाण ने पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे से क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने सत्ता संभालने के बाद सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगाने के लिए धनराशि मंजूर की थी। इस फंड के लिए बीजेपी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण, विधायक संजय केलकर, निरंजन डावखरे से गुहार लगाई जा रही थी। जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने भी सहयोग किया। इन प्रयासों के कारण, कोपरी पुलिस स्टेशन के तहत 54 सीसीटीवी स्वीकृत किए गए। भरत चव्हाण के सुझाव के अनुसार, इस क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले और आवश्यक स्थानों को सीसीटीवी में शामिल किया गया है। आज चेंदनी कोलीवाड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम में सीसीटीवी लगाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। अगले तीन महीनों में चेंदनी कोलीवाड़ा, अष्टविनायक चौक, कोपरी गांव समेत पूरे ठाणे पूर्व इलाके में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। इसके बाद कोपरी पुलिस कैमरे के जरिए संदिग्धों पर नजर रखेगी और उन्हें हिरासत में ले सकेगी। इसलिए, ठाणे पूर्व के आम नागरिकों के साथ-साथ महिलाओं, बच्चों और युवतियों को एक सुरक्षा जाल उपलब्ध होगा। इस कार्य के लिए कोपरी के नागरिकों की ओर से पूर्व नगरसेवक भरत चव्हाण और भाजपा युवा मोर्चा के राज्य सचिव ओंकार चव्हाण ने इसके लिए सभी को धन्यवाद दिया है।

## मनपा क्षेत्र में सभी सड़क मरम्मत कार्य 15 मई तक पूरा करने का निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने शुक्रवार को मनपा, लोक निर्माण विभाग, मेट्रो, एमएमआरडीए के सभी कार्यों को ठाणे मनपा क्षेत्र में चल रहे सभी सड़क मरम्मत कार्यों को 15 मई तक पूरा करने का निर्देश दिया। मानसून की तैयारी के लिए शुक्रवार को ईस्ट एक्सप्रेसवे, कापूर बावड़ी जंक्शन, घोड़बंदर रोड, सेवा रोड और गायमुख घाट के क्षेत्र में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। उस समय अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, मनपा अभियंता प्रशांत सोनगरा, पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाट, सहायक निदेशक शहरी नियोजन संग्राम कनाडे, एमएमआरडीए के अधीक्षण अभियंता विनय सुर्वे, मेट्रो के अधीक्षक अभियंता अभिजीत दिसीकर सहित नगर पालिकाओं, लोक निर्माण विभाग, मेट्रो, महावितरण आदि के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मानसून की तैयारी के लिए ठाणे मनपा, लोक निर्माण विभाग, मेट्रो, एमएमआरडीए, महावितरण, यातायात



पुलिस के साथ एक संयुक्त दौरा आयोजित किया गया था। इसमें कैडबरी जंक्शन से लेकर गायमुख तक के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरे के दौरान ट्रैफिक जाम वाले सभी स्थानों और उसके समाधान के लिए किये जाने वाले उपायों पर चर्चा की गयी। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने बताया कि सिस्टम को सड़क मरम्मत, कंक्रीटिंग, नालों की सफाई, दो फ्लाईओवर के सभी काम 15 मई तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही हर पंद्रह दिन में इन कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा। आज यह भी निर्देश दिया गया है कि हर सिस्टम यह सुनिश्चित करे कि काम तय शेड्यूल के मुताबिक ही होगा। घोड़बंदर रोड मुद्दों को लेकर समन्वय बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। साथ ही शहर की आंतरिक सड़कों को भी व्यवस्थित करने और यह देखने को कहा गया है कि बारिश के मौसम में कहीं भी जलभराव के कारण ट्रैफिक जाम या असुविधा न हो। आयुक्त राव ने कहा कि सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए हर कोई प्रयासरत है। ईस्ट एक्सप्रेस-वे पर ज्यूपिटर हॉस्पिटल के सर्विस रोड पर चल रहे जलापूर्ति विभाग के कार्य का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही कपूरबावड़ी जंक्शन पर मेट्रो कार्य, सिनेवांडर मॉल क्षेत्र में नालपाड़ा जंक्शन तक चलने वाले पेट्रोल पंप, मेट्रो और वाटर चैनल कार्य का भी निरीक्षण किया गया। इस क्षेत्र में सड़क की मरम्मत कराना जरूरी है साथ ही सड़को के ऊपर बने फ्लाईओवर पर भी सड़क की मरम्मत कराने को कहा और इसके लिए तत्काल योजना बनाने को कहा गया है। घोड़बंदर रोड सर्विस रोड, फ्लाईओवर से सटे सर्विस रोड, नालों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही पातलीपाड़ा फ्लाईओवर जंक्शन, बटाटा कंपनी, आनंदनगर जंक्शन, कासार वडवली फ्लाईओवर के नीचे की सड़क, भयंदरपाड़ा फ्लाईओवर, इसके नीचे की सड़क, नगला बंदर जंक्शन, गायमुख घाट क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया।

फास्ट ट्रैक

## राज्य की 560 गौशालाओं के बैंक खातों में 25.44 करोड़ रुपए का अनुदान जमा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, महाराष्ट्र की 560 गौशालाओं के बैंक खातों में देशी गोवंश पोषण योजना के तहत 25.44 करोड़ का अनुदान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा ऑनलाइन जमा किया गया। यह अनुदान जनवरी, फरवरी और मार्च के तीन महीनों के लिए दिया गया है। इस योजना के तहत, प्रति गाय प्रति दिन ?50/- दिए जाते हैं। पहले चरण में, महाराष्ट्र गोसेवा आयोग के माध्यम से राज्य की 560 गौशालाओं में 56,569 गायों के पालन-पोषण के लिए ?25.45 करोड़ की राशि वितरित की गई। मुख्यमंत्री फडणवीस ने महाराष्ट्र गोसेवा आयोग के इस कार्य की सराहना की और कहा कि देशी गोवंश का संरक्षण समय की जरूरत है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने इस योजना का लाभ अधिक से अधिक गौशालाओं को देने के लिए आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की भी सराहना की। पशुपालन मंत्री पंकजा मुंडे ने भी आयोग के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योजना देशी गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है। देशी गायों की उत्पादन क्षमता कम होने के कारण उनका पालन-पोषण आर्थिक रूप से लाभदायक नहीं माना जाता। भाकड़ (गैर-उत्पादक) गायों का रखरखाव भी पशुपालकों के लिए मुश्किल होता है, जिसके चलते वे इन्हें गौशालाओं में रखते हैं। ऐसे गौशालाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए महाराष्ट्र गोसेवा आयोग ने गोवंश पोषण योजना शुरू की है, जिसके तहत प्रति गाय प्रति दिन ?50/- का अनुदान दिया जाता है। अब तक इस योजना से 560 गौशालाओं को सीधा लाभ मिला है, ऐसा महाराष्ट्र गोसेवा आयोग के अध्यक्ष शेखर मुंदडा ने बताया है। इस मौके पर आयोग के अध्यक्ष शेखर मुंदडा, राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक और महाराष्ट्र गोसेवा आयोग के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## गोवध के आरोप में युवक गिरफ्तार

### तिलहर में कई दिनों से था फरार, पुलिस ने कहा- पशु क्रूरता बर्दाश्त नहीं की जाएगी

शाहजहांपुर, तिलहर कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने गोवध और पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान निगोही नगर के मोहल्ला खेड़ा निवासी मोहम्मद तौकीर के रूप में हुई है। वह मोहम्मद जहांगीर का पुत्र है। अपराध निरीक्षक देवेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नगर के बाईपास चौराहे से उसे दबोच लिया। कोतवाली में लाकर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई की गई है। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में गोकशी और पशु क्रूरता की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सरकार के निदेशों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कॉलेज में चपरासी से मारपीट

### लिपिक की दादागिरी, प्रधानाचार्य ने भी मदद से किया इनकार

शाहजहांपुर, जलालाबाद स्थित काकोरी शहीद इंटर कॉलेज में एक गंभीर घटना सामने आई है। कॉलेज के लिपिक मनोज कुमार सिंह ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जितेंद्र कुमार के साथ मारपीट की। घटना 26 मार्च की है। लिपिक मनोज कुमार सिंह और उनके साथी पंकज सक्सेना ने जितेंद्र को कॉलेज के बरामदे में बुलाया। दोनों ने जितेंद्र को अभद्र गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद मनोज ने थप्पड़, लात और घूंसों से जितेंद्र की पिटाई की। उन्होंने जितेंद्र को नौकरी से निकालने की धमकी भी दी। पीड़ित जितेंद्र ने पहले कॉलेज के प्रधानाचार्य से मदद मांगी। लेकिन प्रधानाचार्य ने इस मामले में कोई कार्रवाई करने से मना कर दिया

## मुंबई नगर निगम की तर्ज पर हो कुलगांव-बदलापुर नपा के नालों की प्री-मानसून डिसिल्टिंग- अविनाश देशमुख

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बदलापुर. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट के प्रदेश सचिव अविनाश देशमुख ने शुक्रवार 28 मार्च को कुलगांव-बदलापुर नपा के मुख्याधिकारी और प्रशासक मारुति गायकवाड को ज्ञापन देते हुए मांग की है कि मुंबई नगर निगम और अन्य विकसित नगरपालिकाओं की तर्ज पर कुलगांव-बदलापुर नपा की सीमा के अंतर्गत आने वाले नालों, गड्ढों आदि की प्री-मानसून डिसिल्टिंग या अन्य शब्दों में साफ-सफाई आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीकी या कैमरों की निगरानी में की जानी चाहिए। राकांपा प्रदेश सचिव अविनाश देशमुख ने नपा सीओ मारुति गायकवाड को इस संदर्भ में लिखित पत्र सौंपते हुए मांग की है कि मानसून आने से पहले बदलापुर शहर में नालों की साफ सफाई की योजना इस प्रकार बनाई जाए कि यह तात्कालिक न होकर बल्कि मानसून के समय में इस सफाई व्यवस्था से पूर्ण रूप से राहत मिल सके। निचली बस्तियों, सोसायटियों आदि में जल भराव न हो सके और बाढ़ के प्रकोप से बचा जा सके। सफाई इस रूप में न की जाए कि यहां का कूड़ा कचरा वहां कर दिया जाए और पहली बारिश में ही फिर वही कचड़ा नालों में जमा होकर प्रदूषण और जलभराव की समस्या बन जाए। ऐसी परिस्थिति में आम जनता को बेहद कष्टों का सामना करना पड़ता है।

सफाई के नामपर तात्कालिक राहत नहीं बल्कि ऐसी व्यवस्था अपनाई जाए जो दूरगामी राहत दे सके। मैनुअल सफाई के नाम पर फौरी तौर पर की गई सफाई व्यवस्था से जनता का मेहनत का पैसा नपा और ठेकदारों के जरिए लाखों रुपया बर्बाद होकर पानी में चल जाता है। अतः इस संदर्भ में अविनाश देशमुख ने ठोस कदम उठाने पर बल दिया।

बताते चले कि प्री मानसून डिसिल्टिंग एक ऐसी प्रकिया होती है जहां मानसून से पहले नदी नालों में जमा हुए पानी को साफ करके उनकी धारण क्षमता बढ़ाई जाती है ताकि मानसून में वे अधिक पानी को संभाल सके जिससे जलभराव और बाढ़ की समस्या को रोका जा सके। इस प्रक्रिया से पानी की बचत होती है और जलभराव, बाढ़ आदि की समस्या से राहत मिलती है।

## राज्य के 64 लाख किसानों को मिलेगा 2,852 करोड़ :कृषि मंत्री

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के करीब 64 लाख किसानों को राहत देने वाला एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उनके बैंक खातों में सीधे ?2,555 करोड़ का बीमा मुआवजा जमा किया जाएगा। सरकार ने बीमा कंपनियों को लंबित राज्य अनुदान हिस्से के रूप में 2,852 करोड़ वितरित करने की मंजूरी दी है। इस निर्णय के चलते, विभिन्न पिछली फसली ऋतुओं के लंबित बीमा मुआवजे की राशि सीधे किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में जमा की जाएगी। बीमा कंपनियों को यह प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे किसानों को उनका हक समय पर मिल सके, ऐसा कृषि मंत्री ड. माणिकराव कोकाटे ने कहा है। सरकार ने पहले ही बीमा कंपनियों को निधि जारी कर दी है, और यह मुआवजा जल्द ही किसानों के खातों में जमा किया जाएगा। इस निर्णय से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी, ऐसा कृषि मंत्री एडवोकेट ड.माणिकराव कोकाटे ने कहा है।

## दंत एवं नेत्र शिविर से अधिकारी एवं कर्मचारी हुए लाभान्वित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , नई दिल्ली के महाराष्ट्र सदन, कस्तूरबा गांधी में आयोजित दंत एवं नेत्र शिविर से महाराष्ट्र सरकार के अधिकारी एवं कर्मचारी लाभान्वित हुए हैं। आज नवीन महाराष्ट्र सदन में 'द केयरिंग टच' के सहयोग से एक दिवसीय दंत एवं नेत्र जांच शिविर रेजिडेंट कमिश्नर एवं महाराष्ट्र सदन के सचिव आर. विमला के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इसके तहत महाराष्ट्र सदन, महाराष्ट्र परिचय केंद्र, निर्माण विभाग, बिजली विभाग, महाराष्ट्र सुरक्षा गार्ड और सदन के अन्य प्रतिष्ठानों के अधिकारियों और कर्मचारियों और उनके परिवारों की आंखों और दांतों की जांच निःशुल्क की गई। इससे जुड़ी कोई भी समस्या हो तो एक्सपर्ट द्वारा पूरी जानकारी दी गई। केयरिंग टच चियावती डेंटल क्लिनिक डॉ. क्षितिजा भक्ते, डेंटल असिस्टेंट सुमीत, नेत्र रोग विशेषज्ञ शोभा जांच के लिए उपस्थित थे और शिविर प्रमुख श्रीमती श्वेता, मानव संसाधन प्रमुख श्रीमती कविता शिविर के प्रबंधन के लिए उपस्थित थीं। इस शिविर का लाभ सहायक रेजिडेंट कमिश्नर डॉ. राजेश आडपवार, सारिका शेलार, स्मिता शेलार, अधिकारियों और कर्मचारियों ने दंत और नेत्र का परीक्षण किया।

## डॉ.बालाजी किणीकर बने विधानमंडल आहार-व्यवस्था समिति के प्रमुख

### पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों में उत्साह की लहर,बधाई संदेशों का दौर जारी।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ.बुधवार 26 मार्च को महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र का समापन होते ही महायुति की सरकार ने विधानमंडल की विभिन्न महत्वपूर्ण समितियों के प्रमुखों की घोषणा कर दी है। इस क्रम में अंबरनाथ विधानसभा से निरंतर चार बार से निर्वाचित होने वाले शिवसेना शिंदे गुट के आमदार डॉ.बालाजी किणीकर को विधानसभा की आहार व्यवस्था समिति का प्रमुख बनाया गया है। यह समिति महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्यों के लिए आहार व्यवस्था की देखरेख करती है जैसे भोजन,पेय पदार्थ और अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं की व्यवस्था का कार्यभार देखती है। आहार व्यवस्था की गुणवत्ता और शुद्धता की जांच करना और आहार सम्बन्धी शिकायतों का निपटारा करना आदि महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वाह करती है। स्थानीय विधायक डॉ.बालाजी किणीकर को आहार व्यवस्था समिति का अध्यक्ष बनाए जाने पर विधानसभा क्षेत्र के लोगों, उनकी पार्टी समर्थकों और कार्यकताओं में खुशी की लहर है। डॉ.बालाजी किणीकर के महाराष्ट्र विधानमंडल आहार समिति का अध्यक्ष बनने पर शिवसेना शिंदे गुट के उत्तर भारतीय समाज के नेता प्रमोद कुमार चौबे, जीपीएस ग्रुप के को-फाउंडर ज्ञानधर (जीडी) मिश्रा, पूर्व नगरसेवक अब्दुल भाई शेख,सुभाष सालुंके,संभाजी ब्रिगेड अंबरनाथ शहर अध्यक्ष सुनील अहीरे,पूर्व नगराध्यक्ष प्रज्ञा बनसोडे,संवाद फाउंडेशन प्रमुख सुवर्णा सालुंके,युवा शिवसैनिक विकास सोमेश्वर ,राहुल सोमेश्वर,यश जाधव आदि ने डॉ.बालाजी किणीकर को बधाईयां देकर अपनी खुशी का इजहार किया।

## अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे मनपा के संपत्ति कर संकलन केंद्र

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




नवी मुंबई , वित्त वर्ष 2024-2025 खत्म होने में महज तीन दिन बचे हैं। इन तीन दिनों में सार्वजनिक अवकाश के कारण, नवी मुंबई मनपा के मुख्यालय और अन्य प्रभागीय कार्यालयों में स्थित कर भुगतान केंद्र खुले रहेंगे। इसकी घोषणा मनपा आयुक्त और प्रशासक डॉ. कैलास शिंदे ने घोषणा की है। गौरतलब है कि शनिवार, 29 मार्च और रविवार, 30 मार्च, 2025 को गुड़ी पड़वा के दिन कर संकलन केंद्र (कैश काउंटर) सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक खुले रहेंगे। सोमवार 31 मार्च को वित्तीय वर्ष 2024-2025 का आखिरी दिन है और रमजान ईद का सार्वजनिक अवकाश है। अतः अन्य शासकीय कार्यालयों में अवकाश होने पर भी मनपा मुख्यालय एवं अन्य विभागीय कार्यालयों में संपत्ति कर भुगतान केंद्र (कैश काउंटर) प्रातः 10.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक खुले रहेंगे तथा नागरिक रात्रि 11.50 बजे तक संपत्ति कर का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 28 मार्च 2025 शाम 5.00 बजे तक नवी मुंबई द्वारा 725 करोड़ रुपये की कर वसूली की गई है। आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. शिंदे ने अधिक से अधिक नागरिकों से कर अदा कर शहर के विकास में योगदान देने की अपील की है।

## युवा सेना उपजिला अधिकारी युवराज पाटिल ने शुक्रवार को भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया

### सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारा सभ्य समाज के लिए आवश्यक- युवराज पाटिल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. मुस्लिम भाइयों का पवित्र महीना माह-ए-रमजान चल रहा है जिसमें मुस्लिम भाई रोजा रखकर इबादत करते है। विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों की रोजा इफ्तार पार्टियों का दौर चल रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को शिवसेना के पूर्व नगरसेवक विजय पाटिल और युवा सेना कल्याण उप जिला अधिकारी युवराज पाटिल ने उल्हासनगर क्रमांक 5 में मुस्लिम समाज के रोजेदार भाइयों के लिए भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों लोगों ने इफ्तार पार्टी में शामिल होकर रोजा खोला। शिवसेना नेता विजय पाटिल और उनके पुत्र युवराज पाटिल की ओर से विगत कई वर्षों से रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर युवराज पाटिल ने सभी मुस्लिम भाइयों को रोजे और आने वाली ईद के पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के कार्याध्यक्ष आरिफ असगर काजी,पूर्व नगरसेवक बिस्मिल्लाह शेख,ज्वाइंट सेक्रेटरी ख्वाजा युनुस चौधरी,एडवोकेट मुजाहिद काजी आदि और सैंकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

## नगर पालिका में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

### विरासत के मामले में ईओ और वकील में तनातनी, चेयरमैन ने संभाली स्थिति

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



जलालाबाद, नगर पालिका में एक विरासत मामले को लेकर अधिशासी अधिकारी और अधिवक्ता के बीच विवाद हो गया। अधिवक्ता अंकित शुक्ला जब अपने मुवक्किल की दुकान की विरासत चढ़वाने पहुंचे, तो ईओ पहचान उपाध्याय से उनकी बहस हो गई।

ईओ ने अधिवक्ता को अपने केबिन से बाहर निकाल दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही तहसील के कई अधिवक्ता नगर पालिका कार्यालय पहुंच गए। वकीलों ने ईओ के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद वे मौके से चले गए। अधिकारियों का कहना है कि वे उस समय एक सरकारी ऑनलाइन बैठक में व्यस्त थे।

मामला सरदार नगर निवासी सूरज की मां आशा देवी की दुकान का है। आशा देवी का 2019 में निधन हो गया था। तब से सूरज अपनी मां के नाम की दुकान की विरासत के लिए नगर पालिका के चक्कर काट रहा है। अधिवक्ता का आरोप है कि पालिका प्रशासन विभिन्न बहानों से काम में देरी कर रहा है। विवाद बढ़ने पर नगर पालिका अध्यक्ष शकील खान ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने अधिवक्ताओं के साथ बैठक की, लेकिन ईओ के बैठक में न आने से कोई समाधान नहीं निकल सका। अधिवक्ताओं ने कहा कि वे इस मामले को लेकर आगे की रणनीति तैयार करेंगे।

## ट्रक ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

### युवक की मौत, ट्रक चालक फरार; सब्जी खरीदने जा रहा था




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। थाना कटरा क्षेत्र के कुषक गांव के रहने वाले सतपाल सब्जी खरीदने मंडी जा रहा था। मंडी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनके ई-रिक्शे में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा पलट गया। जिससे सतपाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इस दौरान कुछ अन्य लोग भी ट्रक की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। सतपाल ई-रिक्शा चलाकर अपनी पत्नी और दो बच्चों का भरण-पोषण करते थे। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

## ब्लैकमेलर ने महिला से वसूले 30 हजार



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक महिला के साथ ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। आरसी मिशन थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। तीन साल पहले महिला को एक अनजान नंबर से फोन आया था। फर्जी आईडी से कॉल करने वाले व्यक्ति ने बातचीत के दौरान उसके रिश्तेदारों के नंबर ले लिए। इसके बाद वह महिला को बदनाम करने की धमकी देने लगा। आरोपी शाहजहांपुर आया। उसने हनुमत धाम धर्मशाला में ठहरने की बात कही। आरोपी ने महिला से 30 हजार रुपये की मांग की। बदनाम होने के डर से पीड़िता ने रुपये दे दिए। आरोपी ने खुद को अश्विनी प्रजापति बताया। उसने अपना पता उदयपुर रोड स्थित पिनवाड़ा थाना क्षेत्र का बताया। पैसे लेने के बाद आरोपी ने महिला पर अपने साथ भागने का दबाव बनाया। मना करने पर उसने तेजाब से जलाने की धमकी दी। इतना ही नहीं, अब आरोपी ने दो लाख रुपये की नई मांग कर दी है। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# नेपाल में राजशाही समर्थकों का हिंसक प्रदर्शन

## काठमांडू में पुलिस से भिड़े; किंग ज्ञानेंद्र को सत्ता सौंपने की मांग, इन पर 9 हत्याओं का आरोप

एजेंसी

काठमांडू, नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर शुक्रवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर भी फेंके, जिसके जवाब में सुरक्षाकर्मियों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इस घटना में एक युवक के घायल होने की भी खबर है। इस आंदोलन में 40 से ज्यादा नेपाली संगठन शामिल हुए। प्रदर्शनकारी राजा आओ देश बचाओ, भ्रष्ट सरकार मुदार्बाद और हमें राजशाही वापस चाहिए, जैसे नारे लगा रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि अगर उनकी मांगों पर एक्शन नहीं लिया गया तो और ज्यादा उग्र विरोध प्रदर्शन होगा। नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र ने 19 फरवरी को प्रजातंत्र दिवस के अवसर पर लोगों से समर्थन मांगा था। इसके बाद से ही देश में राजा लाओ, देश बचाओ आंदोलन को



लेकर तैयारियां चल रही थीं। नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर 1 जून, 2001 को हुए नारायणहिति हत्याकांड में अपने परिवार के सदस्यों की हत्या का आरोप लगा है। इस घटना में राजा वीरेंद्र, रानी ऐश्वर्या सहित शाही परिवार के 9 लोगों की मौत हुई थी। आधिकारिक तौर पर युवराज दीपेंद्र को इस हत्याकांड के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। हालांकि, कई लोगों का मानना है कि ज्ञानेंद्र ने सत्ता हासिल करने के लिए यह षड्यंत्र रचा, क्योंकि उस रात वे महल में मौजूद नहीं थे और उनके परिवार को कोई नुकसान नहीं हुआ। इस रहस्यमयी हत्याकांड के पीछे सच्चाई आज भी विवादास्पद बनी हुई है। आंदोलन का नेतृत्व नवराज सुवेदी कर रहे हैं। वे राज संस्था पुनर्स्थापना आंदोलन से जुड़े हुए हैं। इसका मकसद नेपाल में राजशाही को बहाल करना है। दरअसल, नेपाल में साल 2006 में राजशाही के खिलाफ विद्रोह तेज हो गया था। कई हफ्तों तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद तत्कालीन राजा ज्ञानेंद्र को शासन छोड़कर सभी ताकत संसद को सौंपनी पड़ी। लेकिन अब नेपाल की जनता देश में फैले भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और बार-बार सत्ता परिवर्तन से परेशान हो गई है। सुवेदी का नाम तब सुर्खियों में आया जब पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह ने उन्हें इस आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि, उनके इस नेतृत्व को लेकर नेपाल के प्रमुख राजवादी दलों, जैसे राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (राप्रपा) और राप्रपा नेपाल, में कुछ असंतोष देखा गया है। नवराज सुबेदी ने कहा, ह्लहम अपनी मांगें शांतिपूर्ण तरीके से रख रहे हैं, लेकिन अगर हमें सकारात्मक जवाब नहीं मिला तो हमें प्रदर्शन तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि हमारा मकसद पूरा नहीं हो जाता। तारीख 1 जून। दिन शुक्रवार। जगह काठमांडू में नारायणहिती पैलेस। पैलेस के गार्डेन में एक पार्टी चल रही थी। नेपाल के राजपरिवार में हर सप्ताह ऐसी पार्टियां होती थीं। पार्टी में राजपरिवार के सभी मेंबर्स थे। छोटे बच्चों से लेकर बड़े बूढे.सभी। इसमें से एक राजकुमार दीपेंद्र भी थे। वो शाम 6.45 बजे पार्टी में पहुंच चुके थे और पास ही एक कमरे में बिलियर्ड्स खेल रहे थे। थोड़ी देर में महारानी एश्वर्या तीन ननदों के साथ पहुंचीं। महाराजा बीरेंद्र भी एक पत्रिका को इंटरव्यू देकर थोड़ी देर से पहुंच गए। दीपेंद्र के चचेरे भाई राजकुमार पारस भी मां और पत्नी के साथ पहुंचे हुए थे।

# ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी दी

## कहा- मुस्लिमों ने चुनाव में मुझे रिकॉर्ड वोट दिया, जब तक राष्ट्रपति हूं उनके साथ रहूंगा

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिकी मुसलमानों को उनका समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। ट्रम्प ने कहा कि पिछले चुनाव में रिकार्ड संख्या में मुस्लिम वोटर्स ने उन्हें वोट दिया था। चुनाव से पहले इस पर कोई यकीन नहीं कर पाता। नवंबर में मुस्लिम समुदाय हमारे साथ था। इसके लिए जब तक मैं राष्ट्रपति हूं, तब तक आपके साथ रहूंगा। ट्रम्प ने कहा कि रमजान के दौरान हर दिन मुसलमान सुबह से शाम तक उपवास रखते हैं



और प्रार्थना करते हैं। फिर ईश्वर को धन्यवाद देते हैं, इफ्तार के साथ अपना उपवास तोड़ते हैं। आज व्हाइट हाउस में हम यही करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने मजाकिया लहजे में कहा कि अगर आप में से किसी को यह पसंद नहीं आए तो इसकी शिकायत न करें। ट्रम्प ने मिडिल ईस्ट में शांति कायम करने के अपनी कोशिशों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वहां पर उनकी कोशिशों के बाद ही शांति कायम हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक व्हाइट हाउस में पहली बार इफ्तार पार्टी दिसंबर 1805 में आयोजित की गई थी। यह आयोजन तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति थॉमस जेफरसन ने ट्यूनीशिया के राजदूत सिदी सुलैमान मेली के सम्मान में किया गया था। हालांकि, इसके बाद फिर ये लंबे समय तक बंद रहा। इसके बाद हिलेरी क्लिंटन ने 1996 में व्हाइट हाउस में पहली आधिकारिक ईद-उल-फितर सेलिब्रेशन की मेजबानी की थी। यह आयोजन मुस्लिम समुदाय के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए एक अहम कदम था। हालांकि, यह इफ्तार पार्टी ईद के खत्म होने के बाद हुई थी। साल 2001 में व्हाइट हाउस में पहली बार रमजान के महीने में इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ था। तब जॉर्ज बुश राष्ट्रपति थे। अमेरिका में 11 सितंबर को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला हुआ था।

इसमें 3,000 से ज्यादा लोग मारे गए थे। दुनियाभर में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत बढ़ गई थी। ठीक ऐसे वक्त में बुश ने व्हाइट हाउस में इफ्तार डिनर का आयोजन किया। व्हाइट हाउस में नियमित तौर पर इफ्तार पार्टी का आयोजन बराक ओबामा के कार्यकाल में 2009 से शुरू हुआ। ओबामा ने 2009 से 2016 तक हर साल इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। हालांकि, ट्रम्प ने इस परंपरा को छोड़ दिया। साल 2017 में पद संभालने के बाद उन्होंने इसका आयोजन नहीं किया।

# यूके सांसद बोले-भारत से जलियांवाला पर माफी मांगे ब्रिटिश सरकार

## बॉब ब्लैकमैन ने संसद में कहा- यह हमारे साम्राज्य पर धब्बा

एजेंसी

लंदन, ब्रिटेन में विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने ब्रिटेन सरकार से 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए भारत के लोगों से औपचारिक तौर पर माफी मांगने को कहा है। उन्होंने गुरुवार को संसद में कहा कि ब्रिटिश सरकार को 13 अप्रैल से पहले माफी मांगनी चाहिए। अगले महीने जलियांवाला बाग हत्याकांड की 106वीं बरसी मनाई जाएगी। ब्रिटिश सांसद ब्लैकमैन ने अपने भाषण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। सांसद ब्लैकमैन ने कहा- जालियांवाला हत्याकांड ब्रिटिश साम्राज्य पर एक धब्बा है। इसमें 1500 लोग मारे गए थे और 1200 घायल हुए थे। आखिरकार, ब्रिटिश साम्राज्य पर इस दाग के लिए जनरल डायर को बदनाम किया गया। ब्रिटिश सांसद ने आगे कहा- तो क्या हम सरकार से बस एक बयान हासिल कर सकते हैं जिसमें यह माना गया हो कि क्या गलत हुआ था और क्या औपचारिक तौर पर भारत के लोगों से माफी मांगी गई थी? आज तक किसी भी ब्रिटिश पीएम ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए माफी नहीं मांगी है। हालांकि, कई ब्रिटिश नेताओं ने समय-समय पर इसके लिए खेद जाहिर जरूर किया है लेकिन आधिकारिक तौर पर माफी नहीं मांगी गई है। साल 2013 में तत्कालीन ब्रिटिश पीएम डेविड कैमरन ने 2013 में



जलियांवाला बाग स्मारक का दौरा किया था। उन्होंने हत्याकांड को शर्मनाक घटना कहा था लेकिन कभी माफी नहीं मांगी थी। इसके बाद ब्रिटिश पीएम थेरेसा मे ने 10 अप्रैल को 2019 में इस हत्याकांड से 100वीं वर्षगांठ से पहले बयान दिया था। थेरेसा मे ने जलियांवाला बाग हत्याकांड को ब्रिटिश-भारतीय इतिहास का सबसे शर्मनाक धब्बा करार दिया था। उन्होंने भी अफसोस जताया था, लेकिन माफी नहीं मांगी थी। साल 1997 में भारत दौरे के दौरान ब्रिटिश क्वीन एलिजाबेथ ने इसे एक दुखद मामला बताया था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए अगर ब्रिटिश सरकार आधिकारिक तौर पर माफी मांगे तो वह कई कानूनी और वित्तीय जिम्मेदारियों में फंस सकती है। अगर माफी मांगी जाती है, तो यह पीड़ित परिवारों की तरफ से मुआवजे की मांग को मजबूत कर सकता है। ब्रिटेन इस तरह के वित्तीय बोझ से बचना चाहता है, क्योंकि औपनिवेशिक इतिहास में ऐसी कई घटनाएं हैं, जिनके लिए माफी मांगने की नजीर बन सकती है। ब्रिटिश सरकार भारत में क्रांतिकारी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए रौलट एक्ट लेकर आई थी। इसमें बिना मुकदमे के हिरासत में लेने और गुप्त रूप से सुनवाई करने जैसे प्रावधान थे। इसे लेकर भारतीय लोगों में गुस्सा था। इसी के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए लोग जलियांवाला बाग में जुटे थे। इस सभा में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे।

ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड डायर ने बिना किसी चेतावनी के अपनी सेना को गोली चलाने का आदेश दिया। इस सेना में गोरखा और बलूच रेजिमेंट के सैनिक शामिल थे, जो ब्रिटिश भारतीय सेना का हिस्सा थे। ब्रिटिश सरकार के मुताबिक इस नरसंहार में 379 लोग मारे गए थे। हालांकि, कहा जाता है कि मरने वालों की संख्या 1000 से ज्यादा थी।

# कनाडाई पीएम ने कहा- अमेरिका के साथ पुराने रिश्ते खत्म

## ट्रम्प को टैरिफ का जवाब देंगे, उनसे तभी बात होगी जब वे हमारा सम्मान करेंगे

एजेंसी

ओटावा, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका-कनाडा के पुराने रिश्ते अब खत्म हो चुके हैं। ट्रम्प के विदेशी कारों पर 25% टैरिफ लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद कनाडाई पीएम ने यह बात कही। राजधानी ओटावा में कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कार्नी ने कहा कि कनाडा का अमेरिका के साथ वो पुराना रिश्ता जो बुनियादी तौर पर अर्थव्यवस्था को एकजुट रखने, सुरक्षा



और सैन्य सहयोग को आगे बढ़ाने पर बना हुआ था, अब नहीं रहा। अगर दोनों नेताओं के बीच बातचीत होती है तो यह कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पहला मौका होगा जब अमेरिकी राष्ट्रपति से उनकी बातचीत होगी। आमतौर पर, कोई भी नया कनाडाई ढट पद संभालने के के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति से फोन पर बात करता है, लेकिन 13 दिन बीत जाने के बाद भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत नहीं हुई है। टैरिफ लगने से कनाडा की ऑटो इंडस्ट्री को नुकसान इससे पहले ट्रम्प ने 26 मार्च को विदेशी कारों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। यह अगले सप्ताह से लागू हो जाएगा। कार्नी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के टैरिफ लगाने के फैसले के बाद अब कनाडाई लोगों को अपनी इकोनॉमी के बारे में फिर से सोचना चाहिए। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प का यह फैसला कनाडा की ऑटो इंडस्ट्री के लिए घातक हो सकता है। इस इंडस्ट्री से देश में 5 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। कार्नी ने कहा कि यह हम पर एक सीधा हमला है, हम अपने वर्कर्स और कंपनियों की रक्षा करेंगे। ट्रम्प के टैरिफ को लेकर कार्नी ने कहा कि कनाडा भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाएगा जो कि उस पर बहुत ज्यादा असर डालेगा।

# सबसे गर्म साल होगा 2025:मौसम विभाग का अनुमान- इस बार हीटवेव के दिन दोगुने होंगे

## 5-6 की जगह लगातार 10-12 दिन लू चलेगी



एजेंसी

नई दिल्ली ,देश में इस बार उम्मीद से कहीं ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल देश के नॉर्थ-वेस्ट राज्यों यानी हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, दिल्ली में हीटवेव (लू) के दिनों की संख्या दोगुनी होने की आशंका है। आमतौर पर अप्रैल से जून के महीनों में लगातार 5-6 दिन लू चलती है, लेकिन इस बार 10 से 12 दिनों के ऐसे कई दौर आ सकते हैं ।हालांकि, मौसम विभाग ने यह जानकारी नहीं दी कि इस साल हीटवेव का असर कितने दिन रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर हीटवेव के दिनों की संख्या दोगुनी होती है तो 2025 अब तक का सबसे गर्म साल होगा। ऐसे में पारा सामान्य से 5 डिग्री या इससे भी ज्यादा रह सकता है।

### हीटवेव के दिन गिनने का अलग तरीका

मान लीजिए किसी महीने दिल्ली में 10 दिन, राजस्थान में 15 दिन, वढ में 12 दिन और बिहार में 8 दिन हीटवेव रही, तो हीटवेव डे 45 (10+15+12+8) माने जाएंगे। यानी उस महीने इन चार राज्यों में हीटवेव

**भारत के लिए साल 2024 सबसे ज्यादा गर्म सालों में से एक रहा था। बीते साल देश में 554 दिन हीटवेव का असर रहा था। बता दें कि साल में 365 दिन होते हैं, लेकिन हीटवेव के लिए इन्हें गिनने का अलग तरीका है।**

की कुल घटनाएं 45 हैं, न कि एक महीने में 45 दिन हीटवेव रही। ऐसे ही 2024 में 554 हीटवेव डे से मतलब देश में हीटवेव की कुल घटनाओं से है, न कि कैलेंडर के दिनों से ।किस दिन को माना जाता है हीटवेव मैदानी, पहाड़ी और तटीय इलाकों के लिए हीटवेव की स्थिति तय करने का आधार अलग होता है। किसी दिन हीटवेव का असर तब माना जाता है जब उस दिनों के मौसम का तापमान सामान्य से 5त्उ ज्यादा हो या...अगर तापमान सामान्य से 6.5त्उ या उससे ज्यादा बढ़ जाए तो उसे गंभीर हीटवेव माना जाता है। कटऊ ने इस साल देश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान लगाया है ।हीटवेव बढ़ने की 2 बड़ी वजह मौसम विभाग के मुताबिक, हीटवेव के दिन बढ़ने के पीछे की वजह अल-नीनो परिस्थितियां है। प्रशांत महासागर के पानी के असामान्य रूप से गर्म होने से अल-नीनो परिस्थितियां बनती हैं ।इससे भारत में बारिश में कमी आती है

# पंजाब सरकार का दावा- डल्लेवाल का अनशन खत्म

एजेंसी

चंडीगढ़ ,सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को किसानों को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान पंजाब सरकार ने दावा किया कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अनशन तोड़ दिया है। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच को जानकारी दी कि डल्लेवाल ने अपना अनशन समाप्त कर दिया है। डल्लेवाल पिछले साल नवंबर से भूख हड़ताल पर थे। एजी सिंह ने बताया डल्लेवाल ने आज पानी ग्रहण कर उपवास तोड़ा ।वहीं, दूसरी ओर सरकार के इस दावे को किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि डल्लेवाल का अनशन खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने सिर्फ पानी पीया है। वह 19 मार्च से पानी भी नहीं पी रहे थे। उनका अनशन अभी भी जारी है ।इसके साथ ही पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हरियाणा-पंजाब के शंभु और खनौरी बॉर्डर से प्रदर्शनकारी किसानों को हटा दिया है और राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है ।उधर पुलिस ने हिरासत में लिए किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण सिंह पंधेर, अभिमन्यु कोहाड़ समेत कई किसानों को 8 दिन बाद गुरुवार देर रात पटियाला और मुक्तसर जेल से रिहा कर दिया। जेल से निकलकर सरवण सिंह पंधेर ने कहा, 'मैं पटियाला के बहादुरगढ़ किले जाऊंगा। वहां अपने साथी किसानों से बात करेंगे।

# कैश मामला, जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर

एजेंसी

नई दिल्ली ,जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लग गई थी। आग बुझाने पहुंची फायर सर्विस टीम को उनके स्टोर रूम में बोरियों में भरे 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले थेकैश मामले में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद आदेश जारी किया गया है। हालांकि इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को निर्देश दिया गया है कि जस्टिस वर्मा को कोई न्यायिक काम न सौंपा जाए ।इधर, सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा पर ऋकफ दर्ज करने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा मामले में सुप्रीम कोर्ट की इंटरनल कमेटी जांच कर रही है। रिपोर्ट में कुछ गड़बड़ मिला तो एफआईआर होगी या मामला संसद को भेजा जाएगा। जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लग गई थी। आग बुझाने पहुंची फायर सर्विस टीम को उनके स्टोर रूम में बोरियों में भरे 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले थे। तब से ही यह


**महाराष्ट्र सरकार**
**लोक निर्माण विभाग**
**कार्यकारी अभियंता, पी.डब्लू, विशेष परियोजना प्रभाग,**
**आरे, मुंबई 400 065**
E-mail: spaarey.ee@mahapwd.com. Tel No 022-29272447
**निविदा सूचना No.40 for 2024-2025**

कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विशेष परियोजना प्रभाग, आरे, गोरेगांव (ई), मुंबई 400 065 द्वारा महाराष्ट्र सरकार इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से सक्षम बोलीदाताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए 'बी-1' फॉर्म में ऑनलाइन निविदा (ई-टेंडर) आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं। बिना कोई कारण बताए उपरोक्त ई-टेंडर को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी के पास है। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रुपए में |
|---|---|---|
| 1. | विहार नियतक्षेत्र में कंपाउंड वॉल का निर्माण विहार गेट से 18 नंबर सीडी वर्क, 18 नंबर सीडी वर्क से 13 नंबर सीडी वर्क, 13 नंबर सीडी वर्क से पंपहाउस, पंपहाउस से बीएमसी वॉल (उल्टनपाड़ा) तक संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान, मुंबई की सीमा पर। | रु. 13,09.48,011.24 |
| 2 | विहार नियतक्षेत्र में कंपाउंड वॉल का निर्माण बीएमसी वॉल (उल्टनपाड़ा) से पराशिवाड़ी, रॉयल पाम से हेलीपैड, हेलीपैड से खंडाला घाट, खंडाला घाट से बीएनएचएस फिल्मसिटी, बीएनएचएस फिल्मसिटी से हबले पाड़ा, हट्टीगेट के पीछे से संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान, मुंबई की सीमा पर रहेजा वॉल तक। | रु. 10,22,21,946.06 |
| 3 | मलाड नियात्क्षेत्र में अप्पापाड़ा (आनंदेय नगर), (माहेश्वरी नगर), (आदिवाशी नगर), (कलीमाता नगर और सावित्रीबाई फुले नगर), (क्रांतिनगर), क्रांतिनगर (गणेश चॉल) और संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान, मुंबई की सीमा पर दामुनगर में अकुर्ली नियात्क्षेत्र में परिसर की दीवार का निर्माण। | रु. 4,03,93,936.43 |
| 4 | मुलुंड नियतक्षेत्र घाटीपाड़ा से तारासिंह गार्डन तक, तारासिंह गार्डन से मालबरहिल सोसायटी तक, मालबार हिल सोसायटी से शंकर टेकाड़ी तक, मुंबई के संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा पर खिंडीपाड़ा में वनपाल कार्यालय के आसपास रिटेनिंग वॉल और कंपाउंड वॉल का निर्माण। | रु. 9,07,09,152.28 |
| 5 | मलाड नियात्क्षेत्र में पिंपरीपाड़ा (शांतिनगर), बंजारीपाड़ा, मावले नगर, संजय नगर (अंबापाड़ा) में परिसर की दीवार का निर्माण। संजयनगर, त्रिवेणीनगर, बीएमसी गार्डन एंड, अंबेडकरनगर, कटिंग नंबर 10 (खदान) (अप्पापाड़ा), संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान, मुंबई की सीमा पर कटिंग नंबर | रु. 10 9,05,76,560.70 |
| 6 | मुलुंड नियतक्षेत्र में रिटेनिंग वॉल और कंपाउंड वॉल का निर्माण मुंबई के संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा पर शंकर टेकड़ी से अमरनगर तक। | रु. 4,39,86,490.44 |
| 7 | दहिसर नियुक्तक्षेत्र रावलपाड़ा चौकी से शिंगेट खदान (अंब्याचा पानी) तक रिटेनिंग वॉल और कंपाउंड वॉल का निर्माण, शिंगेट खदान (अंब्याचा पानी) से त्रिमूर्ति मंदिर तक और उत्तर मगाथेन नियाक्षेत्र में त्रिमंदिर और अभिनव नगर रुशिवन, दक्षिण मगाथेन नियाक्षेत्र में जैन मंदिर से संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान, मुंबई की सीमा पर पांडे कंपाउंड तक कंपाउंड वॉल का निर्माण। | रु. 10,28,11,373.00 |

ई-निविदा अनुसूच

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा डाउनलोड करने की अवधि | From Date 31/03/2025 @15:00 to Date 7/04/2025 @15:00 |
| 2. | बोली-पूर्व बैठक | Date 4/04/2025 @15:00 मुख्य अभियंता कार्यालय, लोक निर्माण क्षेत्र, बांधकाम भवन, मुर्ज़बान रोड, मुंबई.400001 |
| 3. | निविदा खोलना (ऑनलाइन) | Date 08/04/2025 @15:15, अधीक्षण अभियंता कार्यालय, मुंबई निर्माण मंडल, चेंबूर, मुंबई 400071 में। |

ई-टेंडरिंग की सभी जानकारी निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है:-
1. https://mahapwd.com
2. https://mahatenders.gov.in
(यदि निविदा सूचना में कोई परिवर्तन हुआ है, तो वह उपरोक्त वेबसाइटों पर उपलब्ध होगा)
निविदा सूचना कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विशेष परियोजना प्रभाग, आरे, गोरेगांव (ई), मुंबई -400065 के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

सं.ईई/पीडब्लूएसपीडी/आरे/टीसी/700
कार्यालय कार्यकारी अभियंता,
पी.डब्लू. विशेष परियोजना प्रभाग, आरे,
गोरेगांव (ई) मुंबई-400065
दिनांक:-28/03/2025

हस्ताक्षर

अधिशाषी अभियंता,
पी.डब्लू.विशेष परियोजना प्रभाग,
आरे, गोरेगांव (ई), मुंबई-65

डीजीआईपीआर/2024-25/7395

# हाईकोर्ट के वकीलों की हड़ताल जारी, 70 हजार मुकदमे लटके

**सीजेआई से मिले बार अध्यक्ष; जस्टिस वर्मा पर आश्वासन, सीएटी के साथ आने से सोमवार तक हड़ताल तय**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कैश मिलने, उनका इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर किए जाने के विरोध में वकीलों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी है। हड़ताल का मतलब रहा कि अब सोमवार को भी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन कोई फैसला लेगा। ऐसे में सोमवार तक हड़ताल तय है। ऐस में अब तक करीब 70 हजार से अधिक मुकदमों की सुनवाई पर ब्रेक लग गया है। हाईकोर्ट के मुकदमों में बस तारीख पर तारीख लग रही है। मुकदमों की लिस्टिंग फंस गई है। नए केस लटक गए हैं। इससे पूरे उत्तर प्रदेश के वादकारी परेशान हैं। हजारों केसों की सुनवाई न होने से सैकड़ों लोगों को रोज वापस लौटना पड़ रहा है। सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेशन ट्रिब्यूनल सीएटी के वकील भी उनके साथ समर्थन में आ गए हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन किसी भी हाल में अपनी मांग मानने पर अड़ा हुआ है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बुधवार को कानून मंत्री से मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना से मुलाकात कर अपनी बात रखी थी। उन्हें हाईकोर्ट के वकीलों की संवेदना से वाकिफ कराया। अध्यक्ष अनिल तिवारी का कहना है कि कानून मंत्री के बाद अब सीजेआई से बात की गई है। मुलाकात के बाद सीजेआई संजीव खन्ना ने भी उन्हें पुर्नविचार का आश्वासन दिया है। वहीं हाईकोर्ट के वकीलों की हड़ताल की वजह से हजारों लोगों की परेशानी बढ़ गई है। हर दिन हजारों की संख्या में वादकारी वापस लौट रहे हैं।

खासकर जमानत के मामलों में सुनवाई पूरी तरह ठप है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की हड़ताल जारी रहने के कारण लगातार कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ। कुछ अधिवक्ताओं ने हड़ताल के बीच कोर्ट में काम करने का प्रयास किया।

# महाराणा सांगा पर सपा सांसद की टिप्पणी से बवाल

**प्रयागराज में हिंदू संगठनों का विरोध प्रदर्शन, पुतला फूंका**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन की महाराणा सांगा पर की गई विवादित टिप्पणी से हिंदू संगठनों में रोष है। पत्थर गिरजाघर धरना स्थल पर विभिन्न हिंदू संगठनों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सपा सांसद का पुतला जलाया। उन्होंने सांसद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। संगठनों का कहना है कि महाराणा सांगा पूरे हिंदू समाज के नायक थे। उनके अनुसार सांसद का बयान आपत्तिजनक है और यह समाज में असंतोष फैला सकता है। करणी सेना समेत कई हिंदू संगठनों ने इस बयान की निंदा की है। अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज सभा के कार्यकताओं ने सड़कों पर प्रदर्शन किया। उन्होंने सपा सांसद और पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ नारेबाजी की। छत्रिय महासभा सहित कई संगठनों ने इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। सभी ने प्रशासन से सपा सांसद के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि सांसद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए।

## संक्षेप

### कार ने बाइक को मारी टक्कर

**हादसे में महिला की इलाज के दौरान मौत, मौके से चालक फरार**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बगिया चौराहा से पीढ़ी रोड पर पंडित जुग्गीलाल स्कूल के पास कार की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मालापुर जगदीशपुर गांव की सीमा देवी (45) के रूप में हुई है। वह अपने भतीजे संदीप दुबे के साथ बाइक से सेमरी बुआपुर गांव जा रही थीं। मुईली गांव के पास जुग्गीलाल स्कूल के नजदीक सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सीमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। कार चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को जयसिंहपुर सीएचसी पहुंचाया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच जारी है। मृतका के दो बेटे और दो बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। इस घटना से पूरे परिवार में शोक की लहर है। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।

### 5 दिनों से खराब है हैंडपंप

**लोगों को दूर से लाना पड़ रहा पानी, सभासद ने दिया जल्द ठीक कराने का आश्वासन**

सुलतानपुर, कोइरीपुर नगर पंचायत के हनुमान नगर वार्ड में स्थित मंदिर के पास बगीचे में लगा हैंडपंप पिछले पांच दिनों से खराब है। इससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए सभासद प्रतिनिधि राय साहब ने हस्तक्षेप किया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि हैंडपंप की मरम्मत जल्द से जल्द करवाई जाएगी। इस क्षेत्र में इस हैंडपंप से पानी पीने का मुख्य स्रोत है। इसके खराब होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी का विरोध

**बांदा में करणी सेना का प्रदर्शन, सांसद की सदस्यता रद्द करने की मांग**

बांदा, करणी सेना ने सपा सांसद राम जी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। करणी सेना के कार्यकताओं ने शहर के अशोक लाट से रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने सांसद राम जी लाल सुमन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। करणी सेना ने सांसद राम जी लाल सुमन की संसद सदस्यता समाप्त करने की मांग की है। साथ ही उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग भी की गई है। करणी सेना ने सरकार को चेतावनी दी है।

# ट्रक से टकराई डबल डेकर बस

- दोनों ड्राइवर समेत तीन घायल, बस में सवार थे 100 यात्री, सड़क पर फैला लहसुन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर आज सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। दिल्ली से बिहार जा रही डबल डेकर बस ने ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में पीछे से टक्कर मार दी। हादसा बाराबंकी जिले के सुबेहा और अमेठी के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित गेरावा गांव के पास हुआ। यह घटना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 55वें किलोमीटर पर हुई। टक्कर में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों में ट्रक चालक पिंटू (उदयपुर, औरैया निवासी), बस चालक मोहम्मद कासिम (नगला, मेरठ निवासी) और एक यात्री रंजीत मिश्रा (रोहिणी, दिल्ली निवासी) शामिल हैं। सभी घायलों को बाजार शुकुल सीएससी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने वाहन हटवाकर यातायात सुचारु कराया घायल यात्री रंजीत कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दिल्ली के रोहिणी से गोरखपुर जा रहा था। उनके अनुसार, ट्रक चालक शराब के नशे में था और अनियंत्रित तरीके से वाहन चला रहा था। हादसे के समय बस में लगभग 100 यात्री सवार थे। टक्कर के बाद ट्रक पलट गया और उसमें लदा सैकड़ों किलो लहसुन हाईवे पर बिखर गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को हटाकर यातायात सुचारू करवा दिया है।

# सपा नेताओं ने की आर्थिक मदद

**पीड़ित परिजन के घर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, 22 मार्च को सड़क हादसे में हुई थी मौत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, लंभुआ में सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूप संडा ने दिवंगत सपा नेता अमरजीत यादव के परिवार से मुलाकात की। अमरजीत यादव की 22 मार्च को लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर घरवासपुर गांव के पास सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। रजवाड़े रामपुर निवासी अमरजीत यादव विधानसभा सचिव और सेक्टर प्रभारी थे। उनके पिता की कुछ समय पहले मृत्यु हुई थी। कोरोना काल में बड़े भाई का भी निधन हो गया था। इसके बाद माता, बड़े भाई का परिवार और अपने परिवार की जिम्मेदारी अकेले अमरजीत पर थी। पूर्व विधायक अनूप संडा और वरिष्ठ सपा नेता जितेंद्र वर्मा उर्फ बाजीगर ने परिवार को आर्थिक मदद दी। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलवाने का भी आश्वासन दिया। बधूपुर बाजार स्थित सपा कार्यालय के अध्यक्ष राम सहाय यादव की बाल गोपाल सेवा संस्थान के माध्यम से भी आर्थिक सहायता दी गई। इस अवसर पर शिव सहाय यादव, दुर्गेश संतराम, प्रमोद सिंह, सुभाष यादव, प्रधान अमरनाथ यादव, कुलदीप वर्मा, विनोद वर्मा, हरिओम वर्मा, पूर्व प्रधान दिलीप वर्मा और गणपत सहाय वर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# एमए पास छात्रों को मिला डिजिटल उपकरण



- जिला पंचायत सदस्य ने स्वामी विवेकानंद योजना के तहत बांटे टैबलेट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, तिलोई क्षेत्र में स्थित रामस्वरूप तिवारी जनता महाविद्यालय कुकहा रामपुर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र भारती ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एमए उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक जगदंबा प्रसाद तिवारी और प्रधानाचार्य के.के. तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सपा कार्यकताओं को मिलीं साइकिलें

**अमेठी में अखिलेश यादव की पहल, चारों विधानसभाओं के लोगों को मिला लाभ**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अमेठी में एक महत्वपूर्ण पहल की। उन्होंने जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के जरूरतमंद कार्यकताओं को साइकिलें प्रदान कीं। गौरीगंज स्थित जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राम उदित यादव और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मजदूर संघ राम सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

साइकिलें पाने वाले कार्यकताओं में गौरीगंज से ध्रुव राज पाल, जगदीशपुर से राम भवन गौतम, तिलोई से कमलेश गौतम और अमेठी से राज करन यादव शामिल थे। जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर समाजवादी सरकार की उपलब्धियां बताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा गरीबों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हितों के लिए काम करती रही है। भाजपा सरकार पर साधा निशाना मजदूर सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह ने वर्तमान सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कार्यकताओं से साइकिल के माध्यम से समाजवादी विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में राजेश मिश्र, दीपू तिवारी, महेंद्र यादव, मोनू, अनिल यादव और अधिवक्ता प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव सहित कई अन्य समाजवादी नेता मौजूद रहे।

# अलीगढ़ में हो रहा था लिंग परीक्षण, 5 गिरफ्तार

**हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टप्पल में मारा छापा, सेंटर संचालक समेत 3 हुए फरार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, टप्पल थाना क्षेत्र के नूरपुर में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की। टीम ने छापेमारी करते हुए एक हॉस्पिटल में भ्रूण लिंग परीक्षण होता पाया। जिसके बाद मौके से 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद उनके खिलाफ टप्पल थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया है। टीम को लंबे समय से अलीगढ़ में भ्रूण लिंग जांच होने की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद गुरुवार को हरियाणा के अधिकारी अलीगढ़ पहुंचे थे और पुलिस के साथ अचानक हॉस्पिटल में छापेमारी की थी। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम को टप्पल के वीएस हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर में भ्रूण लिंग जांच होने की जानकारी मिल रही थी। टप्पल हरियाणा और यूपी का बॉर्डर है, ऐसे में हरियाणा से बड़ी संख्या में लोग यहां आकर भ्रूण का लिंग परीक्षण करा रहे थे। जिसके बाद हरियाणा की टीम ने अलीगढ़ स्वास्थ्य विभाग से संपर्क किया। फिर पुलिस के साथ हरियाणा और अलीगढ़ की टीम ने यह संयुक्त ऑपरेशन किया। पहले एक अनीता नाम की महिला को लिंग परीक्षण कराने के लिए भेजा गया। रुपए जमा करने के बाद जैसे ही लिंग परीक्षण शुरू हुआ, टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। अलीगढ़ में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम पहले भी छापेमारी करके लिंग परीक्षण का मामला पकड़ चुकी है। इससे पहले 25 अप्रैल 2023 में हरियाणा की टीम ने इगलास में भ्रूण लिंग जांच का मामला पकड़ा था।

जिसके बाद इस सेंटर को सील किया गया था और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि भ्रूण लिंग जांच के मामले में पुष्पांजलि अल्ट्रासाउंड को पहले सील किया जा चुका है। जिसके बाद इसके संचालकों ने नाम बदलकर वीएस हॉस्पिटल के रूप में इसे दुबारा शुरू कर लिया। इस बाद इन्होंने शहर के बाहर टप्पल में सेंटर खोला था। टीम ने मौके पर मौजूद अल्ट्रासाउंड मशीन, सर्जिकल उपकरण, भारी मात्रा में बरामद हुई दवाइयां और अन्य चीजों को सील कर दिया है।

# दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर और लाठियां

**मारपीट में 12 लोग घायल, फायरिंग का आरोप; गांव में पुलिस तैनात**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमरोहा, दो पक्षों में जमकर लाठियां चलीं। दोनों पक्षों में ट्रकों को निकालने को लेकर झगड़ा शुरू हुआ। धीरे-धीरे बहस बढ़ी और 12 लोग एक दूसरे को लाठियों डंडों से पीटने लगे। मारपीट में सभी लोग घायल हो गए। मामला गजरौला थाना क्षेत्र के शहबाजपुर डोर गांव का है। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तमंचा से डराने और फायरिंग करने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को गजरौला सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

घायलों में कादिर, अफलातून, आजम, आरिफ, फजर मोहम्मद व शान और दूसरे पक्ष के मेहराज, मौसम, मेहताब, शावेज व जावेद, मुकरर्म शामिल हैं। आरोपियों की हो रही तलाश सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि ट्रक निकालने को लेकर विवाद हुआ है। झगड़े की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया और हालात पर काबू पाया। पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। पीड़ित पक्ष से तहरीर ली जा रही है। तहरीर मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली की तार से गेहूं की फसल में लगी आग

**जगदीशपुर में 2 बीघा गेहूं जलकर खाक, पीड़ितों ने की मुआवजे की मांग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, जगदीशपुर ब्लॉक क्षेत्र के जलालपुर तिवारी गांव में एक बड़ा हादसा हुआ। दोपहर के समय बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। स्थानीय लोग और किसान आग बुझाने में जुट गए। इस हादसे में दो किसानों को भारी नुकसान हुआ। जयकला (पत्नी रामनरेश) और तिलक बहादुर (पुत्र रामपाल, निवासी कस्बा निहालगढ़) की एक-एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना की जानकारी पर लेखपाल राम यज्ञ शुक्ला मौके पर पहुंचे। उन्होंने नुकसान का जायजा लिया। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

# महिला टीचर और आंगनबाड़ी सहायिका के बीच मारपीट

**जमीन पर पटककर खींचे बाल, चलाए लात घूंसे; शिक्षिका अस्पताल में भर्ती**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, छाता तहसील के एक आंगनवाड़ी केंद्र पर जमकर मारपीट हुई। आंगनबाड़ी सहायिका और शिक्षिका के बीच लात घूंसे चले, एक दूसरे की चोटी खींची और जमीन पर गिरा गिराकर दे दनादन मारपीट की गई। आंगनबाड़ी सहायिका और शिक्षिका के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मथुरा के एक आंगनवाड़ी केंद्र का एक वीडियो सामने आया है। यहां के छाता तहसील क्षेत्र में एक आंगनवाड़ी केंद्र पर आंगनवाड़ी सहायिका और शिक्षिका के बीच जमकर मारपीट और गाली-गलौज हुई। बहरावली गांव में स्थित केंद्र पर किसी बात को लेकर शिक्षिका और आंगनबाड़ी सहायिका में विवाद हो गया। दोनों में कहासुनी हुई और फिर मारपीट शुरू हो गई। शिक्षिका और आंगनबाड़ी सहायिका के बीच शुरू हुई मारपीट में दोनों एक दूसरे की चोटी खींचने लगी। दोनों ने एक दूसरे को जमीन पर पटक दिया। कभी शिक्षिका थप्पड़ घूंसे चला रही थीं तो कभी आंगनवाड़ी सहायिका।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।